

(आनन्दवनग्रन्थमालायाश्चतुर्विंशं कुसुमम्)

दि व्य र स त र ङ्गि णी

(संक्षिप्तकादम्बिनीसहिता)

म० मं० स्वामी श्रीकाशिकानन्दजी महाराज

(आनन्दवनग्रन्थमालायाश्चतुर्विंशं कुसुमम्)

दिव्यरसतरङ्गिणी

(संक्षिप्तकादम्बिनीसहिता)

म० मं० स्वामी श्रीकाशिकानन्दजी महाराज

प्रकाशक
स्वामी काशिकानन्दजी ट्रस्ट

मूल्य अजिल्द : १२.००
सजिल्द : १८.००

प्रथमावृत्ति. ११००
सन् : १९८६



प्राप्तिस्थान :
आनन्दवन आश्रम
स्वामी विवेकानन्द रोड
कांदीवली (पश्चिम)
बम्बई–४०००६७



श्रीदक्षिणामूर्त्तिमठ
मिश्रपोखरा, वाराणसी

मुद्रक
मोहन लाल आर्य
वाराणसी मुद्रण संस्थान
डी० ५१/९२, सूरजकुण्ड, वाराणसी



आमुख

भक्ति साहित्य का उद्गम मानव विकास के साथ-साथ में ही हुआ है। सनातन सिद्धान्त के अनुसार अनादि सिद्ध तथा अर्वाचीन मतानुसार भी सर्वाधिक प्राचीन साहित्य वेद है। वेदों में भी ऋग्वेद को अति प्राचीन सभी आधुनिक विवेचक मानते हैं। ऋग्वेद की प्रथम ऋचा ही भक्ति से प्रारम्भ होती है। "अग्निमीडे पुरोहितं" इस प्रथम ऋचा में अग्नि की स्तुति का कथन अन्तः स्थित भक्ति भावना का द्योतक है तथा बाह्य स्तुतिरूप भक्ति का प्रदर्शक है। भक्ति भावना के विना स्तुति सम्भव नहीं है। बाह्य भय लोभादि के कारण राज प्रभृतियों की स्तुति की बात अलग है। वहां प्रत्यक्षतः परिणाम सामने हैं। अतः मिथ्या स्तुति सम्भव है। अग्नि से न भय है और भय होने पर भी वह स्तुति निवर्त्य नहीं है। लोभादि की भी वही बात है। यदि अग्नि में स्थित किसी दिव्य देव की कल्पना कर उससे भय या उसके प्रसाद से प्राप्य वस्तु में लोभ कहा जाय तो यह भी मानना पड़ेगा कि वह सर्वज्ञ होने से अज्ञ परहृदयानभिज्ञ राजप्रभृति के समान मिथ्यास्तुति से प्रसादनीय नहीं है। उसे रक्षक सर्वाभीष्टप्रद मातृपितृस्थानीय मान कर ही स्तुति करना सम्भव है। "देवं" इत्यादि विशेषणों से इसी अर्थ की पुष्टि होती है। सर्वज्ञ शर्वभक्तिमान सर्वाभीष्टप्रद व्यापक परमात्मा के रूप में समग्र वेदों में परमेश्वर की स्तुति उपलब्ध है। वही भक्ति साहित्य का मूल स्रोत है।

वेदों के बाद उपनिषदें आती हैं। यद्यपि उपनिषदें भी अनादिसिद्ध वेद स्वरूप ही हैं। तथापि प्रायः उपनिषदें ब्राह्मणग्रन्थान्तर्गत हैं। ब्राह्मण-ग्रन्थ एवं वैदिक ग्रंथों का व्याख्यान-व्याख्येय भाव माना ही गया है। अतः वस्तुतः अनादि होने पर भो प्रातीतिक पौर्वापर्य है हो। जैसे वेदान्त में अविद्या तथा जीवेश्वर भेद दोनों अनादि होने पर भी जीवेश्वर भेद अविद्या प्रयुक्त होने से उनमें प्रातातिक पौर्वापर्य होता है। वेद एवं उपनिषदादि अनादि हैं या नहीं इसकी चर्चा हम अन्यत्र कर चुके हैं। अतः यहाँ उसे उठाना आवश्यक नहीं, अप्रसंगिक भी होगा। उपनिषदों में ज्ञान की प्रधानता है। यद्यपि उपनिषदों में भी उपासना की वात आती है। किन्तु अधिकतर प्रत्ययावृत्ति रूपो उपासना का वर्णन होने से वहां भक्ति का अस्तित्व नगण्य है। "उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिरः" इत्यादि औपासनिक ब्राह्मण वाक्यों में अश्वपृष्ठ पर आकाश दृष्टि करना आदि उपासना बतायी है। वहां प्रेमलक्षण भक्ति का कोई उपयोग प्रतीत नहीं होता। अर्थात् चित्त की एकाग्रता के लिये या फल विशेष की प्राप्ति के लिये दर्शायी गयी औपनिषद उपासनायें विवेच्य भक्ति रूप नहीं है। उन्हें केवल ज्ञानसाधनात्मक क्रियाकलाप मात्र कह सकते हैं। बल्कि भक्ति-प्रेम आदि नाम भी "यस्य देवे परा भक्तिः" इत्यादि इने गिने स्थानों में ही आते हैं।

वस्तुतः ज्ञान और प्रेम सामान्य रुप से प्राणिमात्र में ही विद्यमान है। या यूं कहिये कि ज्ञान और प्रेम का समाहार ही जीवन है। पशु आदि सब में सामान्य रूप से दोनों देखने में आते हैं। इनमें प्रेम विवेचनीय न होकर स्वभावतः उद्भावनीय तत्त्व है। विवेचनीय तो ज्ञान है। क्योंकि

ज्ञान में विपरीतार्थता प्रायः सम्भावित है उसकी निवृत्ति विवेचना से होती है। उसके साथ में ओत-प्रोत हो कर, प्रेम चलता है। प्रेम होने पर विवेचना में प्रवृत्ति होती है। विवेचन होने पर यथार्थ वस्तु विषयक ज्ञान होता है तो प्रेम स्वतः यथार्थ विषयक हो जाता है। इसी आधार पर "यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः" इस श्रुति में भक्ति का प्रकाशसाधनरूपेण वर्णन किया और भक्ति-दर्शनकारों ने 'तस्या ज्ञानमेव साधनमित्येके" इस प्रकार साध्यरूपेण निरूपण किया। जैसा भी हो, उपनिषदों में प्रेम-भक्ति का विवरण शून्य-प्राय है। अतएव उपनिषद्वाक्यार्थनिर्णयात्मक ब्रह्मसूत्रों को भक्तिपरक सिद्ध करने का प्रयास भी केवल मताग्रहमात्र है।

पुराणों में भक्ति का निरूपण तथा उद्भावन दोनों ही विपुल रूप से हुए हैं। ज्ञानविवेचना भी वहां पुष्कल रूपेण है। और यही पुराणों का मुख्य लक्ष्य भी है। अत एव ऐतिहासिक घटनाओं के वर्णन में पुराणों का मुख्य तात्पर्य है ही नहीं। काकतालीय घुणाक्षरादि न्याय से या स्वाभाविक रूप से इतिहास वर्णन आ गया यह अलग बात है। अतएव भागवत की यह उक्ति याद रखने योग्य है कि

कथा इमरास्ते कथिता महीयसां विताय लोकेषु यशः परेयुषाम्।
विज्ञानवैराग्यविवक्षया विभो वचोविभूतीर्न तु पारमार्थ्यम्॥

यहां वैराग्य पद से संसार-वैराग्य विवक्षित होने से स्वतः सिद्ध प्रेम का परमात्मविषयकत्व होना आर्थिकार्थ की प्राप्ति है। चूंकि भक्ति का विवेक पुराणों में है अत एव भक्ति दर्शनों का प्रादुर्भाव पुराणोत्तर काल में ही हुआ। फिर विवेचनीय विषयों का आधिक्य न होने से भाष्यादि से दर्शन विस्तार

भी अधिक नहीं हुआ। क्योंकि भक्ति एक निर्विवाद तत्त्व है। अतः वह शास्त्रार्थनिर्णय नहीं है। ज्ञान का विषय नाना प्रकार से विवाद ग्रस्त है। कोई षट पदार्थ वादी है कोई पदार्थत्रयवादी है। कोई जगत्सत्यत्ववादी है कोई जगतमिथ्यात्व वादी है। अतः पूर्व पक्ष-उत्तर पक्ष खण्डन-मण्डन रूप में हजारों ग्रंथ बने।

महर्षि शाण्डिल्य और देवर्षि नारद

भक्ति-दर्शन के दो सूत्र ग्रथ प्राप्त हैं। एक शाण्डिल्य भक्तिसूत्र नाम से प्रसिद्ध है। दूसरा नारद भक्तिसूत्र नाम से। दोनों सूत्र ग्रंथों का आविर्भाव काल भगवद्गीतोत्तर ही है। शाण्डिल्य ने गीता का स्पष्ट नाम लिया है—"सैकान्तभावे गीतार्थप्रत्यभिज्ञानात्"। यद्यपि श्री नारायणतीर्थ ने व्याख्या में—"गीतार्थस्य ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेतीत्यादिना कथितार्थस्य गीतायां तद्बुद्धयस्तदात्मान इत्यादिना प्रत्यभिज्ञानात्" इस प्रकार अर्थ लगाया है। और इस बात को लेकर कतिपय मनीषियों ने अन्य वाक्य की प्रत्यभिज्ञा की भी सम्भावना करके गीतोत्तरकालीनत्व का निराकरण करने का भी प्रयास किया है। परन्तु उन मनीषियों को यह मालूम नहीं है कि यह व्याख्याकारों की व्याख्याचातुरी मानी जाती है। गीतायामर्थप्रत्यभिज्ञानाद् इस विग्रह में कौन सा अर्थ यह जिज्ञासा होने से विश्वतोमुख सूत्र से ही ब्रह्मसंस्थवाक्योक्तार्थ यह अर्थ निकाला जा रहा है। क्योंकि पुंलिङ्ग गीत पद माना जाये तो भी किसी ने गीत शब्द का श्रौतार्थ में प्रयोग नहीं किया है। उस के लिये "श्रुत" शब्द ही निश्चित है। श्रुतं का श्रुत्यर्थं, स्मृतं का स्मृत्यर्थं भाषितं का भाष्योक्तार्थं इत्यादि में

प्रयोग ही सर्वसाधारण है। प्रपत्ति का शरणागति अर्थ जो शाण्डिल्य ने निर्णय दिया है वह "मामेव ये प्रपद्यन्ते" इस गीता वाक्यस्थ प्रपत्ति की ही व्याख्या है। न कि पूरे शास्त्रों में आये हुए प्रपूर्वक पदधातु की। क्योंकि प्राप्ति अर्थ में शास्त्रों में प्रपत्ति का बहुतर प्रयोग हुआ है। यही नहीं, ऐसे गीता के अनेक वाक्यों को लेकर वहाँ विचार किया है। सब को अन्यथा करना दुराग्रह ही होगा।

नारदीय भक्ति सूत्रों का भी आविर्भाव गीतोत्तर ही है। "गौणी त्रिधा गुणभेदादार्त्तादिभेदाद्वा" ऐसा नारदीयसूत्र है। गुण अर्थात् सत्त्वरजतम तो उपनिषदों में भो प्रसिद्ध है। परन्तु आर्त्तादिभेद गीतोक्त "आर्त्तो जिज्ञासुरर्थार्थी" ये ही तीन हैं। गीता से प्राचीन तो उपनिषद ही हैं। वहाँ आर्त्तादि का वर्णन नहीं है। गीता के उत्तर कालवर्त्ती तो अचिन्तनीय है। यदि आर्त्तादिभेद नारदजीका स्वोपज्ञ होता तो आदि पद कह कर नहीं छोड़ते। वह किसी प्रसिद्ध भेद का द्योतक है। अतएव गीत्तोत्तर ही नारदीयसूत्रों का आविर्भाव निश्चित होता है।

ये दोनों सूत्रग्रन्थ भागवत से भी परवर्त्ती प्रतीत होते हैं। शाण्डिल्य सूत्र में प्रथमाध्याय द्वितीयाह्निक में षष्ठ एवं सप्तमसूत्र की व्याख्या में नारायणतीर्थ ने श्रीमद्भागवत का उद्धरण तिशेष रूप से दिया है। अन्य कई जगह भी भागवतार्थसूचन हुआ है। नारदीय भक्तिसूत्र में "यथा व्रजगोपिकानां" यह सूत्र भागवतोक्त गोपीप्रसङ्ग को ही इंगित करता है। हां यदि नारद जी ने व्रज में गोपी प्रेम को प्रत्यक्ष देख कर यह सूत्रप्रणयन किया हो तो अलग बात है। फिर भी पूर्वोक्त आर्त्तादि भेद को लेकर

गीतोत्तर मानना ही पड़ता है। तब भागवतोत्तर मानने में भी कोई असमञ्जसता नहीं है।

इन दो सूत्रग्रन्थों में शाण्डिल्य भक्तिसूत्रपर स्वप्नेश्वरभाष्य है। और श्रीनारायण तीर्थ की भक्तिचन्द्रिका नाम की व्याख्या है। नरायणतीर्थ ने रामानुजाचार्य की व्याख्या का निर्देश किया है। अतः प्रसिद्ध रामानुजाचार्यकी व्याख्या होने की भी संभावना की जा सकती है। परंतु नारदीय भक्तिसूत्रों पर कोई भी भाष्य या टीका अब तक नहीं हुई। केवल हमने ही इदंप्रथमतया भक्तिसूत्रवार्त्तिक लिखा। वैसे तो नारद भक्तिसूत्रों पर हिन्दी आदि भाषा में अनुवाद एवं व्याख्यायें हुई हैं परंतु कहने की आवश्यकता नहीं कि ये सब आधुनिकतम है। इतिहास तो बाद में बनेगा।

भक्ताचार्य

प्राचीन भक्ताचार्यों की अनेक प्रकार से गणना या नामनिर्देश अनेक स्थानों में आया है। पाण्डवगीता के आरंभ में एक श्लोक है–

प्रह्लादनारदपराशरपुण्डरीकव्यासाम्बरीषशुकशौनकभीष्मदाल्भ्यान् ।
रुक्माङ्गदार्जुनवसिष्ठविभीषणादीन्पुण्यात्मनः परमभागवतान्नमामि ।।

नारदीय भक्तिसूत्रों में अन्त मैं भक्ताचार्यो को इस प्रकार कहा है–

"इत्येवं वदन्ति जनजल्पनिर्भया: कुमार०"

सूत्रग्रन्थ के मध्य में मत विशेष दिखाने के लिये कतिपय आचार्यों का नामनिर्देश आया है। जैसे नारदीय सूत्रों मे–

पूजादिष्वनुराग इति पाराशर्यः

कथादिष्विति गर्गः

आत्मरत्यविरोधेनेति शाण्डिल्यः

इसी प्रकार शाण्डिल्य सूत्र में भी आता है।

भक्तिः प्रमेया श्रुतिभ्यः।
पुराणेतिहासाभ्यां च ॥

पृथध्रुवप्राह्लादाम्बरीषशुकसनकनारदभजनाचाराच्च।

यहां पृथुध्रुव ये दो नाम और जुड़ गये हैं। मत प्रदर्शन में कहा है—

तामैश्वर्यपदां काश्यपः परत्वात्
आत्मैकपदां बादरायणः
उभयपदां शाण्डिल्यः शब्दोपपत्तिभ्याम्

इन में पृथु ध्रुप प्रह्लादादि का कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। वे केवल पुराणादि वर्णित महापुरुष हैं। उनका आचार दर्शन वस्तुतः पुराणेतिहा-साभ्यां च में गतार्थ है। प्रत्यक्षतः उनका आचार शाण्डिल्य ने देखा हो तो यह कहना उनके लिए ही संभव है जो पौराणिक दृष्टि से देखते हैं। भागवतोत्तर कालीन शाण्डिल्य ने ध्रुव प्रह्लादीदि को देखा है यह तभी मानी जा सकती है यदि वे हजारों लाखों वर्ष जीवित रहे हो। वंश ब्राह्मणवर्णित शाण्डिल्य से अतिरिक्त ही भक्तिसूत्रकार शाण्डिल्य हैं ऐसे आधुनिक इतिहासकार मानते हैं।

महर्षि काश्यप कौन ? ये दिति अदिति के पति कश्यप ही हैं या कोई और ?। दिति अदिति के पति कश्यप का पुराणवर्णित सिद्धान्त से अतिरिक्त कोई सिद्धान्त नहीं हो सकता। जैसे कपिल का वर्णन श्रीमद्भागवत में आया है तो वहाँ भागवत का जो सिद्धान्त है वही पिल के सिद्धान्त के रूप में भी बताया है। प्रसिद्ध कपिल कृत सांख्यसूत्र या सांख्यकारिका के अनुकूल सिद्धान्त वहां बताया नहीं है। शिल्पशास्त्र में काश्यपशिल्पम् नामका एक

ग्रन्थ मिलता है। किन्तु वह सिद्धान्तवर्णनोपयोगी नहीं है। पाणिनीय सूत्रों में काश्यप के वैयाकरण होने का इशारा मिलता है। काश्यपस्य ऐसे सूत्र में काश्यप का नाम लिया गया है। परंतु वैयाकरणत्व भी भक्तिनिरूपण में उपयोगी नहीं है। संभव है भक्ति या वेदान्त पर काश्यप का कोई ग्रन्थ हो।

पाराशर्य या वादरायण

पाराशर्य और बादरायण एक ही व्यक्ति है या दो इस विषय पर यहाँ विचार करना अधिक उपयोगी नहीं है। दोनों नामों से ग्रन्थ का अस्तित्व "पाराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः" इस पाणिनीय सूत्र के इशारे और वादरणीय ब्रह्मसूत्र के अस्तित्व से सिद्ध है पराशरपुत्र व्यास ही बादरायण है ऐसा सनानत धर्मियों की मान्यता है। यद्यपि नारदीय सूत्र में उनका भेद सिद्धान्त है या अभेदसिद्धान्त इसका कोई संकेत नहीं है। पूजादि में अनुराग भक्ति का लक्षण है इतना ही वहां वताया है। पूजा मात्र से भेद सिद्धान्त उपस्थित नहीं होता।

देवो भूत्वा देवं यजेत्" "नाविष्णुर्विष्णुमर्चयेत्" इत्यादि वचन जागृत है। परन्तु शाण्डिल्य सूत्र से आत्मपरमात्मैक्य स्पष्ट है। द्वैतवादियों का कहना है कि अभेद भावना मात्र सूचित होता है। जैसे न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीकार कहते हैं "अभेदभावनयैव यतितव्यमिति वदति" आश्चर्य की बात यह है कि जीवन भर अभेद भावना कर उपासना की। और मोक्ष में जाकर भेद कर डाला। जहां नैयायिक किसी प्रकार का ज्ञान ही नहीं मानता वहां भेद हो या अभेद, क्या फरक पडता है? क्या लाभ मिलता है? जिंदगी भर झूठी भावना कर मरणोत्तर परामर्थ की प्राप्ति की आशा रखना कैसी विडम्बना है? "यं यं वापि स्मरन्...तं तमेवेति

कौन्तेय" के अनुसार अनभीप्सित अभेद में पर्यवसान होगा यह एक अन्य आपत्ति है। इसी को गले पादुका न्याय कहते हैं। द्वैतवादियों का कहना है कि बदरायण के ब्रह्मसूत्र में निष्पक्ष तटस्थ रह कर विचार करने पर कहीं भी अद्वैत का आभास नहीं मिलता। परन्तु उनका विचार ही द्वैतवासना-वासित होने से एकपक्षीय है। तटस्थ नहीं प्रवाहमग्न है। अथातो ब्रह्म-जिज्ञासा" यह सूत्र ही जीवपरैक्यप्रतिपादक है। धर्म अनुष्ठेय है। अतः धर्मजिज्ञासा अनुष्ठानार्थ है यह निश्चित है। ब्रह्म अनुष्ठेय नहीं है। अतः ब्रह्मजिज्ञासा अनुष्ठानार्थ नहीं, केवल ज्ञानार्थ होगा। दुःखनिवृत्ति आदि पुरुषार्थ है यह प्रायः सभी दर्शनकार मानते हैं। ब्रह्मज्ञान से अगर दुःख निवर्त्य है तो ज्ञान-निवर्त्य दुःख बलात् मिथ्या सिद्ध होगा। रज्जु-ज्ञाननिवर्त्य रज्जुगत सर्प होता है। वैसे ब्रह्मज्ञान निवर्त्य भी ब्रह्मगत दुःख होगा। परगत दुःखकी निवृत्ति स्वपुरुषार्थ नहीं हो सकता। अतः बलात् जोवब्रह्मैक्य भी मानना पड़ेगा। इस घोर आपदा से बचने के लिये द्वैतवादियों ने ब्रह्मजिज्ञासा का प्रयोजन तज्जन्यज्ञानप्रयुक्त उपासना बताया। परन्तु ऐसी स्थिति में 'अथातो धर्मजिज्ञासा' के समान 'अथात उपासनाजिज्ञासा' 'अथातो ब्रह्मोपासनाजिज्ञासा' आदि लिखना चाहिये था। इससे बचने के लिये द्वैतवादियों ने पूर्वोत्तर मीमांसा का ऐकशास्त्र्य माना। अथातो घर्मजिज्ञासा यहां धर्म पद से उपासना भी अभिप्रेत होने से वह भी प्रतिज्ञात है। केवल विषयस्वरूपनिर्णय उत्तर मीमांसा में है। अर्थात् दोनों ऋषि अधूरे थे। एक झूठ को छिपाने के लिये सौ झूठ बोलने के बराबर ही यह कथा है। एक दूसरे के पूरक हैं तो "धर्मं जैमिनिरत एव" "पूर्वं तु बादरायणः" इस प्रकार ये आपस में क्यों लड़ते थे? विरुद्ध

मत वाले आचार्यों ने मिल कर एक ग्रंथ बनाया ऐसा बच्चा भी नहीं सोच सकता। अस्तु, इस विषय पर हम ब्रह्मसूत्र प्रवचनों पर पर्याप्त विचार कर चुके हैं। अतः यहां उसका विस्तार सर्वथा अप्रसंगिक होने से दिग्दर्शन मात्र करा कर छोड़ देते हैं। शाण्डिल्य मत को इस ग्रंथ की प्रथम लहरी के चौंतीसवें श्लोक में और व्याख्या में दिखाया है। सो वहीं द्रष्टव्य है।

देवर्षि नारद

भगवान वेद व्यास जी महान् भक्त थे इस विषय में दो राय नहीं हो सकती। उनके अठारह पुराण ही इसमें ज्वलंत उदाहरण है। व्यास जी ने अनेक पात्रों के मुख से भक्ति सिद्धान्त को कहलवाया या उनकी भक्ति का अपने शब्दों में और क्वचित् उन्हीं के शब्दों में वर्णन किया। शुकदेव का स्वतन्त्र कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। श्रीमद्भागवत को यद्यपि शुक-शास्त्र कहते हैं। किन्तु रचयिता तो व्यास को ही माना जाता है।

देवर्षि नारद पौराणाणिक पुरुष हैं। महान भक्त के रूप में पुराणों में उनका उल्लेख है। उनका नारद पंचरात्र प्रसिद्ध है। परन्तु उसके रचयिता के विषय में अन्वेषण आवश्यक है। उनका छोटा सा सूत्र ग्रंथ अति प्रसिद्ध है। जिसको नारदभक्तिसूत्र कहते हैं। यद्यपि वह एक छोटा ग्रन्थ है। तथापि भक्ति सिद्धान्त के प्रतिपादन में बेजोड़ है। "य इदं नारदप्रोक्तं" इस अन्तिम सूत्र में रचयिता के रूप में अपना नामोल्लेख किया है। अतएव नारद जी के ऐतिहासिकत्व में और भक्तत्व में किसी प्रकार का संशय नहीं हो सकता। भक्तिदर्शन वार्त्तिक की भूमिका में किसी अन्य व्यक्ति के नारद नाम से ग्रन्थ रचना की सम्भावना का निराकरण हमने कर लिया है। अतः उसे वहीं देख लेना चाहिये।

महर्षि शाण्डिल्य

शाण्डिल्य भक्तिसूत्र का उल्लेख हम ऊपर कर आये हैं। शाण्डिल्य ने अपने सूत्र में नारद का नाम लिया है और नारद ने शाण्डिल्य का। यह उसी प्रकार है जैसे जैमिनि ने बादरायण का नाम लिया है और बादरायण ने जैमिनि का। इनका पौर्वापर्य निश्चय करना अति कठिन है। पुराणों के अनुसार देवर्षि नारद ब्रह्मा जी के उत्संग से सृष्टि के आदि में ही हुआ है और शाण्डिल्य बाद में

प्रकृत ग्रंथ में इन तीन आचार्यों का नाम लिया गया है। उनका मत प्रदर्शन भी नारदीय भक्तिसूत्रानुसार ही किया है। उनसे शाडिण्ल्य मत प्रदर्शन में जीवपरैक्य बात आ गयी है। अतएव उस विषय को लेकर यहाँ पर यह चर्चा चलायी।

इन मूल ग्रन्थों के बाद या आगे पीछे यद्यपि भक्तिमय ग्रन्थों की रचना विपुल रूप से हुई। परन्तु दर्शनिक रूप से भक्तिस्वरूपनिरूपणात्मक मौलिक ग्रंथ या व्याख्या ग्रंथ उपलब्ध नहीं होते। यद्यपि तन्त्र ग्रन्थों का निर्माण हुए हैं, और उनके आधार पर सूत्र निर्माण हुआ या सूत्रानुसार तन्त्र ग्रंथ निर्माण हुआ, जैसा भी कहो, तथापि तन्त्र ग्रन्थ प्रायः पूजादि प्रधान होते हैं। उसमें कहीं-कहीं धर्म निरूपण भी है। भक्ति के स्वरूप-निरूपण में वे आकर ग्रन्थ रूप हो सकते हैं किन्तु दार्शनिक रूप नहीं। स्वप्नेश्वर तो बहुत बाद में हुए। ऐसा प्रतीत होता है। अत एव भक्ति-स्वरूपनिरूपणार्थ हमें आचार्य काल में ही आना पड़ेगा। आद्य त्रंकराचार्य रामानुजाचार्यादि ने भक्तिनिरूपण किया है। किन्तु स्वतन्त्र भक्तिस्वरूप-निरूपण परक ग्रंथ बहुत बाद में हुए हैं।

भक्ति और आद्यशंकराचार्य

आद्यशंकराचार्य महान भक्त थे यह बात उनके स्तोत्र साहित्य से पता चलता है। विष्णुपादादि केशान्तवर्णन शिवपादादि केशान्तवर्णन शिवानन्द लहरी आदि ग्रंथों के अवलोकन से प्रकट होता है कि आचार्य महान भक्त थे। आचार्य के "कृष्णो वै पृथगस्ति कोऽप्यविकृतः सच्चिन्मयो नीलिमा "इस कृष्ण स्तुति से ज्ञात होता है कि परवर्ती वल्लभाचार्यादि का "चिन्मयविग्रह श्रीकृष्ण है" यह सिद्धान्त यहीं से लिया हुआ है। "सच्चिन्मयो नीलिमा" यह कितना स्पष्टतया उक्त सिद्धान्त का प्रतिपादक है यह एक साधारण अध्येता भी समझ सकता है। कुछ आलोचक लोगों का कहना है कि शंकराचार्य के गद्दी पर बैठने वाले सभी शंकराचार्य ही कहलाते हैं। यह स्तोत्र साहित्य भिन्न-भिन्न शंकराचार्यों के द्वारा निर्मित स्तुतियों का संग्रह है इत्यादि। परन्तु इन महानुभावों को यह मालूम नहीं है कि पीठासीन शंकराचार्यों के अपने नाम अलग होते हैं। शंकराचार्य यह उपाधि मात्र होता है। ग्रंथों में अपने ही नाम लिखते हैं। कहीं उपाधि लिखते भी हैं तो ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य गोवर्धनपीठाधिपति शंकराचार्य आदि लिखते हैं। या नृसिंहभारतीशंकराचार्य अभिनवसच्चिदानन्द शंकराचार्य आदि लिखते हैं। लेखकों को हमेशा अपने चश्मे से ही व्यक्ति को नहीं देखना चाहिये। उस पवित्र गद्दी पर बैठ कर धोखेबाजी शंकराचार्य लोग करने लग जाये यह कैसी विडम्बना होगी? और मान भी लिया जाये कि एकाध धोखेबाज निकला तो अनन्तरवर्ती शंकराचार्य को तुरन्त मालूम ही पड़ जाता और धोखा होने नहीं देते। पीठासीन इतर शंकराचार्यों द्वारा विरचित

स्तोत्रादि आज उपलब्ध है उन सब में उनका अपना-अपना नाम ही स्थित है। कोई विच्छिन्न परम्परा होती तो इस कल्पना को बल मिलता। अतः शंकराचार्य नाम से उपलभ्यमान सभी साहित्य आद्य-शंकराचार्य का ही है। भाषा की दृष्टि से कुछ विद्वान लोग जो अन्यथा कल्पना करते हैं वह भी अकिंचित्कर है। विशेष ध्यान पूर्वक लिखते हैं तो भाषा सुन्दर होती है और ध्यान दिये बिना लिखते हैं तो साधारण हो जाती है यह सभी लेखकों का अनुभव है।

आचार्य ने विष्णु सहस्र नाम पर जो भाष्य लिखा वहां प्रसंगागत कुछ भक्ति सिद्धान्तों का निरूपण उल्लेखनीय महत्त्व रखता है।

रामानुजाचार्य तथा अन्य

आद्यशंकराचार्य के बाद पूरे संस्कृत साहित्य को एक नयी मोड़ देने वाले प्रथम आचार्य रामानुजाचार्य हुए। उनका कहना है कि संपूर्ण श्रुति स्मृति पुराणों का परमतात्पर्य भक्ति में ही है। ज्ञानकर्मादि भक्ति के अंग मात्र है। तदर्थ किसी को विशिष्टाद्वैत पसंद आया किसी को द्वैताद्वैत, किसी को द्वैत और किसी को शुद्धाद्वैत। यही चार वैष्णवाचार्य सिद्धान्त है। प्रथम रामानुजाचार्य का सिद्धान्त है द्वितीय निम्बार्काचार्य का, तृतीय मध्वाचार्य का और चतुर्थ वल्लभाचार्य का। इस का परिणाम यह हुआ कि इन सब के लिये मूलग्रन्थ पुराण बन गये। उपनिषदों में भक्तिनिरूपण न होने से वे गौण हो गयी। शैवाचार्यों की भी यही स्थिति हुई। फलतः कोई विष्णुपुराण को कोई शिवपुराण को और कोई भागवतपुराण को ही प्रमाण मानने लगे। सात्त्वत संहिता आदि तन्त्रग्रन्थों का महत्त्व बढ़ गया। तदनुसार

उपनिषदों का और सूत्रों का अर्थ करने लगे। ब्रह्मसूत्र स्वयं भक्तिग्रन्थ हो गया तो अब शाण्डिल्य भक्तियोसूत्र तथा नारदीय भक्तिसूत्र की उपयोगिता कहाँ रह जाती है। फिर भी सुनते हैं श्रीरामानुजाचार्य ने शाण्डिल्य सूत्रों पर व्याख्या लिखी है। जैसे कि भक्यिचन्द्रिकार की व्याख्या में उल्लेख हुआ है।

गौडीय संप्रदाय

रामानुजाचार्यादि ने तो श्रुतिस्मृति पुराणों को ही भक्तिपरक बताया। गौडीय संप्रदाय में एक और मोड आ गया। उन्होंने काव्यालंकार साहित्यादि को भक्ति की ओर लगा दिया। शृंगारादि नवरसों को और विभाव अनुभाव संचारीभावादि को भक्ति में जोडकर व्याख्या की। कृष्ण एवं राधाको नायक तथा नायिका रूप में वर्णन किया। फिर लौकिक तथा अलौकिक विभाग देकर लौकिक साहित्य से भक्ति साहित्य को अलग किया। श्री मधुसूदन सरस्वती ने भी इसी का पोषण किया। "नवरसमिलितं वा केवलं वा पुमर्थं परममिह मुकुन्दे भक्तियोगं वदन्ति" इस प्रकार भक्तिरसायनग्रन्थको उन्होने प्रारंभ किया। और तदनुरूप ही आगे निरूपण किया। इस का मूलस्रोत तो श्रीधरस्वामी से ही निकला है। "मल्लानामशनिः" इत्यादि भागवत श्लोक की व्याख्या में श्रीधरस्वामी ने शृंगारादि नवरसों को श्रीकृष्ण में दिखाकर भक्तिपरत्वेन वर्णन किया। अत एव द्वैत अद्वैत रूपी सिद्धान्तभेद होने पर भी भक्ति में ऐकमत्य हो गया।

भक्ति का स्वरूप

भक्ति का यथार्थ स्वरूप क्या है इस का निर्देश नारदीय भक्तिसूत्र तथा शाण्डिल्य भक्तिसूत्र दोनों में प्रायः समानरूप से किया गया है। 'सा त्व-

स्मिन् परमप्रेमरूपा" यह नारदीयलक्षण है। और "सा परानुरक्तिरीश्वरे" ऐसा शाण्डिल्यकृतलक्षण है। राग किसी निमित्तविशेष से होता है। "सुखानुशयी रागः" इस प्रकार योगसूत्रकार ने पञ्चपर्वा अविद्या का ही एक पर्व राग को बताया। राग नैमित्तिक है। उसके पीछे जो भाव होता है वह अनुराग है उस अनुराग को ही प्रेमसंज्ञा दी है भगवान में रागप्रथम गुणश्रवणादि निमित्त से होता है। बाद में फिर अनुराग होता है। वही उत्कर्ष प्राप्त होकर परानुराग या परम प्रेम रूप होता है तो उस को भक्ति कहते हैं। उस समय वे ही श्रवणादि स्वयं प्रेमात्मक होने लगता है। इसी को वैधी एवं रामानुगा कहते हैं। राग निमित्त जब हो तब वैधी भक्ति है। राग के अनुगामी–बाद में आने वाला अनुराग ही रागानुगा है। यही सरल व्याख्या है। अन्य प्रकार की व्याख्या भी आचार्य लोग करते हैं। वह तत्र-तत्र द्रष्टव्य है।

संक्षेप में कहना हो तो भक्ति के दो स्वरूप हैं। एक साधनरूपा भक्ति है। दूसरी फलरूपा भक्ति है। प्राथमिक साधन से लेकर पूर्णफलपर्यन्त अठारह भूमिकायें होती हैं। जिस का वर्णन प्रकृतग्रन्थ में अन्त में किया है। उससे पूर्व भक्ति का सरल लक्षण; कर्ममिश्रा, ज्ञानमिश्रा आदि का स्वरूप; नवधाभक्ति के नानास्वरूप तथा पञ्चभावादिका वर्णन किया गया है। यही प्रथम लहरी का संक्षिप्त विषय है। द्वितीय लहरी में प्रेम की ही अनेक भूमिकाओं का निरूपण किया है। अत एव प्रथम भक्तिलहरी है तो द्वितीय प्रेमलहरी है। तृतीय आनन्दलहरी है, जहां भगवान को विविधलीलाओं का वर्णन शामिल है। जो स्वयं अध्ययन मात्र से आनन्द दायिनी है। तथा भक्ति विषयक अनेक उपदेश भी हैं।

यद्यपि इस ग्रन्थ की द्वितीयलहरी का मुद्रण सन् १९६३ में ही हो गया था। मूलश्लोक मात्र का मुद्रण भडोच में कराया था। उसका कारण भी अन्यग्रन्थोके समान इस ग्रन्थपर भी कुछ शनैश्चर दृष्टि पड गयी थी। द्वितीय लहरी गायब हुई तो कोई उसका दुरुपयोग न करे इस दृष्टि से पुनः श्लोकों को यथा कथंचित् स्मरण कर पुनः संपादन किया और मुद्रण कर लिया। यद्यपि इस ग्रन्थ की चार लहरियां थी। उसे घटाकर तीन लहरियों का इस समय बना दिया गया और भक्तिशास्त्र में प्रायः त्रित्वसंख्या की महिमा है। भक्तजन इस ग्रन्थ से लाभ उठावें या नहीं जैसा भी हो मुझे मनः संतोष है। कारण "स्वान्तं प्रमोदयितुमेव मम प्रवृत्तिः"। निजप्रमोदार्थं ही यह स्वीय प्रयत्न है। हाँ इससे यदि अन्य भी लाभ प्राप्त करते हैं तो प्रसन्नता की बात होगी।





श्री शिवनारायण जी कपूर



दिव्यरसतरङ्गिणी

प्रथमा भक्तिलहरी

यस्य क्षणस्फुरणयैव भवेदशेष-
मुन्मीलितं जगदिदं यत एव चान्यात् ।
यः स्वे समं समुपसंहरते महिम्नि
तं प्रेमसारघनमीशमजं भजध्वम् ॥ १ ॥

जिसके ईक्षणात्मक क्षणमात्र स्फुरण से समस्त जगत् (उन्मीलितं भवेत्) अव्याकृत से व्याकृतनामरूपवाला हो जाता है, अर्थात् उत्पन्न होता है। (च) और (यत एव) जिससे ही (अन्यात्) अनुप्राणित होता है अर्थात् स्थिति प्राप्त करता है। जो अन्त में सबको (स्वे महिम्नि) अपनी महिमा में उपसंहृत करता है, घनीभूत विशुद्ध प्रेमरूपी अजन्मा उस परमात्मा का भजन करो ॥ १ ॥

कादम्बिन्याः समुद्धृत्य क्रियते विषमस्थले ।
भावावबोधनार्थेयं टिप्पण्यनतिविस्तरा ॥ १ ॥

तं प्रेमसारघनं = घनीभूतं प्रेमसारमचिदंशवृत्त्यादिरहितत्वेन विशुद्धं वृद्धिकाष्ठाप्राप्तत्वेन घनीभूतं यत् प्रेम तत्स्वरूपमजमीशं परमात्मानं भजध्वमित्यन्वयः। तं कीदृशं ? यस्य क्षणस्फुरणयैव "विद्युतो व्यद्युतदि" तिश्रुतेः क्षणमात्रे-

क्षणात्मकस्फुरणयैव जगदिदं भवेद्-जायतेऽस्तित्वं लभते च। उन्मीलितं–विकसितं वर्धमानं सद् यत एव चान्यादनुप्राणितं भवेत्। मातापित्रोः प्रेम्णैव जन्म लब्ध्वा बालस्तत्प्रेम्णैव परिपुष्टो भवतीति प्रसिद्धम्। एतावांस्तु विशेषः–पित्रोः प्रेम्णः सोपाधिकत्वेन न प्रेमसाररूपत्वं, भगवतस्तु निरुपाधिकं शुद्धं प्रेमेति। यः स्वे महिम्नि समं सर्वं समुपसंहरते समन्तादुप समीपे कृत्वा सम्यग् हरते विपरिणतमपक्षपय्य स्वस्वरूपे विलापयति। विनाशयति इत्यनुक्त्वोपसंहारमात्रं कथयतोऽयमाशयः—न खलु परमेश्वरो जगदिदं ध्वंसयति। किंतु सृष्टिकालभ्रमणपरिश्रान्तानां प्राणिनां विश्रान्तये केवलमुपसंहरति स्वान्तरङ्गीकरोति। तथा च तदपि प्रेम्ण एव फलम्। उक्तं च प्रशस्तपादाचार्यैः—"संसारखिन्नानां सर्वप्राणिनां निशि विश्रामार्थं सकलभुवनपतेर्महेश्वरस्य संजिहीर्षे" त्यादि। एतेन कंसवधादिकमपि व्याख्यातम्। प्रत्युक्तं च भगवतः शिवरूपे तमोगुणित्वाद्यम्। "आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ती" तिश्रुतेश्च ॥ १ ॥

पुनन्ति सन्तो भुवनानि यत्कला-
मवाप्य सर्वाणि सनाथन्त्यपि।
रसोर्मिलं प्रेमसुधामहोदधिं
विधुं प्रपद्ये तमहं महोज्ज्वलम् ॥ २ ॥

जिस (प्रेमसुधासागर) की लेश मात्रा को पाकर संत जन समस्त जगत को पवित्र तथा सनाथ करते हैं, श्रृंगार शान्तादि रसरूपी तरंगोंसे शोभायमान परम उज्ज्वल उस प्रेमसुधासागररूपो (विधु) भगवान् श्रीकृष्ण के हम शरणागत हैं ॥ २ ॥

पुनन्तीति। "तीर्थीकुर्वन्ति तीर्थानी" त्यादिवचनात्। सनाथयन्त्यपीति। "सनाथा चेयं पृथिवी" तिवचनात्। रसोर्मिलमिति। शृङ्गारशान्तादयो रसा ऊर्मिवत्तत्र भासन्ते। तथाचोक्तं "नवरसमिलितं वा केवलं वा पुमर्थमि" ति। प्रेमेति। आकाशस्थविधोर्महोदधिरुद्भवस्थानम्। श्रीकृष्णस्य विधोस्तु प्रेमसुधामहोदधिः। अपि चायं प्रेमसुधामहोदधिरूप एव। विधुशब्दः कृष्णे चन्द्रे च।

महोज्ज्वलमिति । परमप्रकाशरूपमित्यर्थः । उज्ज्वलशब्दः शृङ्गारपर्यायोऽपि । महान् उज्ज्वलः शृङ्गारमाधुर्यरसो यत्र स तथा तमित्यपि ततोऽर्थः ॥ २ ॥

या शास्त्रेष्वखिलेष्वधिष्ठितपदा निस्तीर्णकर्त्राग्रहा
निर्मुक्ताखिलदेशकालकरणद्रव्यक्रियायन्त्रणा ।
क्लेशघ्नी गुणसंतनन्त्यतिगुणा कर्माशयध्वंसिनी
भक्तिः सा परिदर्श्यते मधुरिपोरिष्टाखिलेष्टप्रदा ॥ ३ ॥

समस्त शास्त्रों का परम तात्पर्य विषय होने से जो सर्वत्र अपना पद जमाये हुए है; अमुक ही कर सकता है अमुक नहीं इत्यादि कर्त्तृ-आग्रह से जो ऊपर उठी हुई है; अमुक देश में हो, अमुक काल में हो, अमुक साधन से हो, अमुक द्रव्य से हो, अमुक क्रिया के द्वारा हो इत्यादि यज्ञादि स्थल में दृष्ट नियन्त्रणों से जो मुक्त है, जो समस्त क्लेश नाशिनी है, शुभ-दायिनी है, गुण निर्माण कारिणी होने पर भी गुणातीता है, कर्म और वासना को मिटाने वाली है, समस्त अभीष्ट वस्तु प्रदान करने वाली है; भगवान की परम प्रिया उस भक्ति की यहाँ (परि) साधन आदि के साथ हम विवेचना करते हैं ॥ ३ ॥

प्रथमश्लोके कर्त्तृविशेषानिर्देशेन सामान्यतः सूचितमपि सर्वाधिकारित्वं पुनः स्फुटीकुर्वन्नेव भक्तेः परमाभिधेयत्वं परमप्रयोजनत्वादिकं च विशदयन्नाह—या शास्त्रेष्विति । अखिलशास्त्रेष्वधिष्ठितपदा = सकलशास्त्रपरमतात्पर्यविषयभूता । एवं विधार्थलाभायैवाधिपदम् "आलोड्य सर्वशास्त्राणि विचार्य च पुनः पुनः । इदमेकं हि निष्पन्नं ध्येयो नारायणः सदे" त्यादिवचनात् परमपुरुषार्थरूपत्वाच्च सर्वेषां शास्त्राणां भक्तावेव परमतात्पर्यमिति निश्चीयते । निस्तीर्णकर्त्राग्रहेति । "केवलेन हि भावेन गोप्यो गावो नगा मृगाः । येऽन्ये मूढधियो नागाः सिद्धा मामीयुरञ्जसे" त्यादिना कर्त्तृविशेषाग्रहप्रतिक्षेपणादिति भावः । एवं ज्ञानिनामज्ञानिनां पापिनां पुण्यात्मनामतिसक्तानामत्यसक्तानां मुक्तानां मुमुक्षूणां बद्धानामात्महन्तॄणां पशुघ्नामन्यविधानां च सर्वेषामपि स्वरूपयोग्यत्वलक्षणो भक्त्यधिका-

रोऽस्त्येवेति सप्रमाणं कादम्बिन्यां व्याख्यातम् । निर्मुक्तेति । देशः कुरुक्षेत्रादिरकीकटः, कालः प्रत्यूषादिः, करणं स्फ्यचमसादिः, द्रव्यं पायसनवनीतादि, क्रिया नमस्कारादिः, एतेषां सर्वेषां नियन्त्रणान्निर्मुक्ता "तस्मात् सर्वात्मना राजन् हरिः सर्वत्र सर्वदा । श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च" "यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषी" त्यादीनि प्रमाणानि कादम्बिन्युक्तान्यत्र द्रष्टव्यानि । क्लेशघ्नीनि । अविद्यास्मितादिक्लेशपञ्चकहारिणी । "त्वं प्रत्यगात्मनि तदा भगवत्यनन्त आनन्दमात्र उपपन्न समस्तशक्तौ । भक्तिं विधाय परमां शनकैरविद्याग्रन्थिं विभेत्स्यसि ममाहमिति प्ररूढामि" तिवचनात् । ममाहमित्यस्मिता, तया प्ररूढाऽविद्या ग्रन्थिः रागद्वेषादिना पल्लविता तां विभेत्स्यसीत्यर्थः । एवमन्यत्रापि द्रष्टव्यम् । गुणसंतननीति । गुणानां ज्ञानवैराग्यादीनामुद्भाविनी तद्वर्धनी चेत्यर्थः । अतिगुणा = गुणातीता । "मद्‌गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये । मनोगतिरविच्छिन्ना यथा गङ्गाम्भसोऽम्बुधौ । लक्षणं भक्तियोगस्य निर्गुणस्य ह्यु दाहृतमिति" तल्लक्ष्मोक्तम् । कर्माशयध्वंसिनीति । कर्माणि पुण्यपापलक्षणानि संचितानि ध्वंसयति । "श्वादोऽपि सद्यः सवनाय कल्पत" इति वचनात्प्रारब्धहरत्वमपि केचिदिच्छन्ति । "दुःसहप्रेष्ठविरहतीव्रतापधुताशुभाः । ध्यानप्राप्ताच्युताश्लेषनिर्वृत्त्या क्षीणमङ्गलाः । जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबन्धनाः" इत्यत्र स्पष्टतरं प्रारब्धनाशावगमादिति । आशयो वासना । तद्ध्वंसकत्वमपि । "तैस्तान्यघानि पूयन्ते तपोदानव्रतादिभिः । नाधर्मजं तद्धृदयं तदपीशाङ्घ्रिसेवये" तिवचनात् । तद्धृदयं = तद्विषयकवासना । भगवदिष्टा च । "भक्तिप्रियो माधव" इत्यादेः । अखिलेष्टप्रदा च । "अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम" इत्यादेः । एवंविधा भक्तिरत्र मया परिदर्श्यते—परितः—साधनादिसहिता दर्श्यते निरूप्यते ॥ ३ ॥

स्वान्तं प्रमोदयितुमेव मम प्रवृत्ति –
रेषा गुरोश्चरणसंस्मरणप्रवीणा ।
तत्स्यन्दितां भुवि भगीरथवन्मयान्ये
धन्याश्च दिव्यरससिन्धुमिमां पिबन्तु ॥ ४ ॥

गुरुचरणों के स्मरण से प्रखर बनी मेरी यह प्रवृत्ति यद्यपि स्वान्तः सुखाय है। तथापि इससे मैंने जिसे प्रवाहित किया उस दिव्यरससिन्धुको अन्य-धन्यजन भी पान कर कृतार्थ हो। जैसे निज (भगीरथ) पर्यन्त सगरवंशीयों को तर्पित करने के लिये ही वसिष्ठगुरु चरण स्मरण से प्रखरित भगीरथ का यद्यपि प्रयत्न हुआ था तथापि उससे प्रवाहित ब्रह्मरस प्रवाहिनी गंगा का पान आज भी अन्य धन्य पुरुष करते हैं ॥ ४ ॥

अनुबन्धं निरूप्य संप्रति प्रकृतग्रन्थकरणे हेतुं ग्रन्थस्य च गङ्गोपमया परमपवित्रत्वं च सूचयंस्तत्र गुरुकृपावश्यकत्वमप्याह—स्वान्तमिति। स्वान्तं हृदयमर्थात् स्वस्यैव। गङ्गापक्षे स्वपदार्थो भगीरथः, सोऽन्ते यस्य सगरवंशस्येत्यतद्गुणसंविज्ञानो बहुव्रीहिः। स्वपूर्वजं सगरवंशीयपुरुषसमुदायमित्यर्थः। यद्वा स्वस्यापि गङ्गायाः प्रमोदनसंभवात्तद्गुणसंविज्ञानोऽपि घटत एव। प्रमोदयितुम्= आनन्दयितुं, पक्षान्तरे तर्पयितुं, प्रवृत्तिर्ग्रन्थरचनात्मिका, अन्यत्र तपश्चर्यारूपा। गुरोः=स्वगुरोः, अन्यत्र वसिष्ठगुरोः। "यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरावि"ति श्रुतेर्गुरुभक्तिरावश्यकीति भावः। गुरुचरणस्मरणेन प्रवीणा प्रगल्भा। तत्स्यन्दितां यथोक्तग्रन्थप्रवृत्त्या तपश्चर्यया च प्रवाहिताम्। भुवीति। सर्वजनसाधारण्यद्योतनाय। पक्षान्तरे तु भूलोके। भगीरथेन स्वर्णद्या भूलोके प्रवाहणात्। भगीरथवदिति। एतेन न्यायमणिमालादिवन्न कौतुकेनैव किन्तु भगवदाराधनलब्धशेमुषीकेणाऽवलोडितवेदशास्त्रेतिहासपुराणभक्तिग्रन्थनिचयेन विहितनानोपासनेन संपादितभगीरथप्रयत्नेन कृतेयं दिव्यरसतरङ्गिणीति सूच्यते। अन्ये = मद्भिन्नाः। अन्यत्र सगरपुत्रभिन्ना अद्यतना अपि। दिव्येति। दिव्यरसस्य भक्तिरसस्य "रसो वै सः" इति श्रुतेः, सिन्धुमिव सिन्धुम्। अन्यत्र दिविभवस्य रसस्य जलस्य सिन्धुम्। दिव्या चासौ रससिन्धुश्च तामिति वा। स्वर्धुनीं गङ्गामिति यावत्। ब्रह्मरसप्रवाहरूपिणी गङ्गेति प्रसिद्धेः। सिन्धुशब्दो नदीवाचकः स्त्रियामिति "इमामि"ति निर्देशः। सिन्धुर्वमथुदेशाब्धिनदे ना सरिति स्त्रियाम्" इति विश्वः। पिबन्त्विति। यद्यपि सिन्धोर्न पानं किन्तु सिन्धुजलस्यैव। तथापि सिन्धुपानमपीतशेषत्वादुक्तम्। सर्वं ग्रन्थं सम्यगवलोक्य भक्तिः साध्येति तत्त्वम्। "तत्पादसलिलं यथे"ति भागवते ॥ ४ ॥

इत्युपक्रमः



निजास्पदे योऽभिगते स्मृते वा
छिन्तेऽस्मितां भेदधियं च भिन्ते ।
प्रेमायमानन्दमयानुरागः
परं तमीशे निगदन्ति भक्तिम् ।। १ ।।

प्रेम उस आनन्दमय अनुराग को कहते हैं जो अपने आस्पद (प्रेमास्पद) के उपस्थित होते ही या तत्स्मरण होते ही अपनी अस्मिता को (मैं कुछ हूँ इस भाव को) काट देता है और भेदभाव को (यह मुझ से अलग है ऐसे भाव को) समाप्त करता है। वही अनुराग परमात्मा के प्रति पराकाष्ठा को प्राप्त होता है तो उसे विद्वान् लोग भक्ति कहते हैं ।। १ ।।

प्रतिज्ञातां भक्ति लक्षयन् प्रथमं "सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपे"ति नारदोक्त-भक्तिलक्षणघटकीभूतं प्रेमाणं लक्षयति—निजास्पद इत्यादिपादत्रयेण । ि-जेति प्रेमपरामर्शः । प्रेमत्वेनाभिमतस्य यदास्पदं तस्मिन्नभिगते आभिमुख्यं गते स्मृते-स्मृतमात्रे वा यः प्रेमत्वेनाभिमतः अस्मितामहमस्मि कश्चिदित्येवंभूतां छिन्ते प्रेमास्पदेऽभिमुखीभूते स्वयं स्वमेव लोका विस्मरन्तीति प्रसिद्धम् । तत्रात्मनः स्वप्रकाशस्य विस्मरणाऽसंभवादस्मिताया एवाननुसन्धानात्मकं विस्मरणम् । किं च भेदधियम्—अन्योसावन्योऽहमिति भिन्ते । प्रेमाणं लक्षयित्वा भक्ति लक्षयति—तमेव परं सन्तं निगदन्ति भक्तिम् ।। १ ।।

गुणोज्झितं कामनया विहीनं
प्रतिक्षणं चैव विवर्धमानम् ।
अपेतविच्छेदमतीव सूक्ष्मं
प्रेमोचिरे स्वानुभवस्वरूपम् ।। २ ।।

प्रेम गुणातीत, कामनारहित प्रतिक्षण बढ़ने वाला, न टूटने वाला अतिसूक्ष्म वह तत्व है जो स्वसंवेद्य है ॥ २ ॥

"गुणरहितं कामनारहितमि" त्यादि नारदीयसूत्रं प्रेमलक्षणविषयाऽर्थतः पठति–गुणोज्झितमित्यादि । अस्य व्याख्याविस्तरः कादम्बिन्यां नारदीयभक्तिदर्शनवार्त्तिके च द्रष्टव्यः ॥ २ ॥

तस्मिन्ममत्वातिशयप्रयुक्त—
निष्पेषणोत्सन्नपराभिसन्धेः ।
प्रेमा तदाकारनिरूढगाढ—
संस्कारभेदो निजचेतसः स्यात् ॥ ३ ॥

प्रेम दो प्रकार का है। एक स्वीयभाव से प्रयुक्त है और दूसरा परकीयभाव से प्रयुक्त है। स्वीयभाव वाले प्रेम का यह लक्षण है। अतिशय ममत्व से चित्त पिघलकर मृदुल हो जाता है। उसी ममत्व से चित्त की अन्यपरता समाप्त हो जाती है तो चित्त में प्रेमास्पद विषयक दृढ़ एवं गाढ एक प्रकार का विशिष्ट संस्कार जम जाता है उसी को प्रेम (स्वीय प्रेम) कहते हैं ॥ ३ ॥

प्रेम द्विविधं स्वीयप्रेम परकीयप्रेम च। तत्र कचिदाहुः। स्वीयदारप्रेम स्वीयपतिप्रेम वाऽऽद्यम् । परकीदारप्रेंम परकीयपतिप्रेम वा द्वितीयमिति । तन्न । कामस्य भक्तिपदानर्हतयेदृशव्याख्यानस्य कामिजनमात्रमनोहरस्य भक्तिशास्त्रानुपयोगात् । कैश्चिदाचार्यैस्तथा व्याख्यानं तु प्रेमकामयोर्वहुतरसादृश्यसत्त्वेन नेयम् । अतः स्वयं तदुभयं व्याचष्टे द्वाभ्याम् । तत्र प्रथमं स्वीयप्रेम लक्षयति तस्मिन्नति । तस्मिन् =प्रेमास्पदत्वेनाभिमते ममत्वातिशयेन प्रयुक्तं यन्निष्पेषणं काठिन्यविदलनमर्थाच्चेतस एव तेनोत्सन्नः पराभिसन्धिः परतात्पर्यं परानुसन्धानं यस्य तत्तथा तस्य निजचेतसः। प्रियविषयकममतातिशयेन तन्मात्रचिन्तनतो निरस्तपरानुसन्धानस्येत्यर्थः । तदाकारेति । प्रियत्वेनाभिमताकारेत्यर्थः । तद्विषयकनिरन्तर-

चिन्तनेन तदाकारसंस्कारो निरूढश्च गाढश्च भवति। दृष्टं चैतदाभीक्ष्ण्येन श्लोकपाठादौ। ततो यथा झटिति श्लोकोच्चारणं तथात्र झटिति प्रियस्मरणं भवति। एवं विधः संस्कारभेदः = संस्कारविशेष एव प्रेमा स्वीयप्रेमेति यावत्। एतदुक्तं भवति–यत्र ममत्वं पूर्णरूपेण भवति। अयं ममैव न मां त्यक्तुमर्हतीति, तत्र स्वीयत्वबुद्धिर्भवति। तत्सहितः प्रेमा स्वीयप्रेमा। यथा रुक्मिण्यादेः। यथा च यशोदादेः ॥३॥

यद्वा तदीयत्वदृढ़ाशयोत्थ–
मासृण्यसंपादिततत्स्वरूपे।
अन्याभिलाषाप्रशमेन स स्या–
च्चित्ते तदाशाकृतदाहभेदः ॥ ४ ॥

परकीय भाव प्रयुक्त प्रेम का लक्षण इस श्लोक में है। मैं उसी का हूँ (वह मेरा हो या न हो) इस दृढ़ आशय से उत्पन्न मसृणता के कारण प्रियतम के आकार की छाप से चित्त में अन्य की अभिलाषा के शमन के साथ प्रियतम की ही प्राप्ति की आशा से जो दाह-सी होती है वही परकीय प्रेम है (स्वकीया और परकीया की व्याख्या जो अन्यथा करते हैं उसका औचित्यानौचित्य पर विचार टिप्पणी में देखें) ॥ ४ ॥

अधुना परकीयप्रेमाणं व्याचष्टे–यद्वेति। व्यवस्थितविकल्पार्थो वाकारः। अन्यतरः कर्तव्य इत्याशयः। तदीयत्वेति। अर्थात् स्वस्य। प्रेमास्पदत्वेनाभिमतस्तत्पदार्थः। अहं तस्यैव नान्यस्येति सावधारणतागर्भम्। एवंविधो यो दृढाशयस्तेनोत्पन्नं यन्मासृण्यमर्थाच्चित्तस्य। तेन मासृण्येन संपादितं तत्स्वरूपं = प्रेमास्पदाकारता यस्य तस्मिंश्चित्तेऽन्यस्य प्रेमास्पदभिन्नस्याभिलाषाप्रशमनपूर्वको यस्तदाशाकृतदाहभेदः = प्रेमास्पदप्राप्तिविषयकाभिलाषाप्रयुक्तदाहविशेषः स प्रेमा स्यादित्यन्वयः। एतदुक्तं भवति–स खलु प्रियतमो न मदधिकृतः सर्वंसाधारण्यात्। अहं तु नान्यस्य कस्यचित्। अथ च मा मां स उपेक्षिष्ट इति सर्वदा मनसि दाहविशेषः स परकीयप्रेमेति। यथा व्रजगोपिकानाम्। तथा चोक्तं

ताभिः— "त्वयि धृतासवस्त्वां विचिन्वत" इति। स्वीयप्रेमणि न दाहः। उपेक्षायाः संभावनाविरहात्। परकीयभावे दाहस्तु भ्रमरगीतादौ स्पष्टः। किं च स्वीयपरित्यागभयेन न तदुपेक्षाप्रसक्तिः। यथा जारपत्यादिस्थल इत्येतावन्मात्रेण साम्यमिति ध्येयम्। इत्थं च परकीयप्रेमणि निरन्तरचिन्तनप्रसक्तेस्तस्यैव प्रशस्ततरत्वमित्यादि सिद्धं भवति। अत्रोभयोर्निष्कृष्टलक्षणादिकं कादम्बिन्यां द्रष्टव्यम् ॥४॥

यथोक्तसंस्कारविशेषतो वा
यथोदिताद्दाहविशेषतो वा।
निजास्पदेऽनारतचित्तवृत्ति—
प्रवाहरूपं तमुशन्ति केचित् ॥ ५ ॥

स्वीय प्रेम में बताये हुए विशिष्ट संस्कार से या परकीय प्रेम में बताये हुए विशिष्ट दाह से प्रेमास्पद विषयक चित्तवृत्ति का जो निरन्तर प्रवाह होता है वही प्रेम है ऐसा कुछ आचार्यों का मत है ॥ ५ ॥

यथोक्तेति। न संस्कारविशेषो दाहविशेषो वा प्रेमा। किन्तु ताभ्यां प्रयुक्तः प्रेमास्पदविषयकचित्तप्रवाह एवेत्येके मन्यन्ते। तथा चोक्तः—मद्गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये। मनोगतिरविच्छिन्ना यथा गङ्गाम्भसोऽम्बुधौ लक्षणं भक्तियोगस्येत्यादि ॥ ५ ॥

अन्ये जगुर्लक्षणमात्रमेतत्
लक्ष्यस्वरूपं पृथगेव तस्मात्।
सा ह्लादिनी शक्तिरनन्यरूपा
पराऽन्तरङ्गा भगवत्प्रतिष्ठा ॥ ६ ॥

अन्य आचार्य कहते हैं कि ये सभी तटस्थलक्षण मात्र हैं। प्रेम का स्वरूपलक्षण इनसे पृथक् है। वह ह्लादिनी शक्ति ही है जो भगवान से अनन्य है, परा है, अन्तरङ्ग है, भगवदाश्रिता है ॥ ६ ॥

अन्ये पुनराचार्या मन्यन्ते तटस्थलक्षणमात्रमेतत् । स्वरूपं तु ततः पृथगेव । संस्कारस्य दाहस्य वा जन्यस्य नाशित्वात् । वृत्तीनामपि क्षणभङ्गुरत्वात् । प्रेम्णोऽविच्छिन्नरूपत्वं तु प्रागुक्तम् । तस्मात् ह्लादिनी शक्तिरेव भगवतः प्रेमरूपा । सा भगवतोऽनन्यरूपा । शक्तिशक्तिमतोर्भेदाभावात् । तत्र "ह्लादिनी सन्धिनी संविदभिधानान्तरङ्गिका । तटस्था वहिरङ्गा च जयन्ति प्रभुशक्तयः" इति तिस्रोऽन्तरङ्गवहिरङ्गतटस्थाः शक्तय उक्ताः । अन्तरङ्गास्वपि संधिनीसंविदोः प्रेमरूपत्वं नास्ति । अन्तरङ्गतरा ह्लादिन्येव प्रेमरूपेत्याशयेनाह— परान्तरङ्गेति । परेति शक्तिविशेषणम् । पराचसाऽन्तरङ्गा च परान्तरङ्गेति वा योजना । अन्तरङ्गतरेति तत्रार्थः । सा च भगवत्प्रतिष्ठैव । अतएव भगवान् भक्तिं ददातीति प्रसिद्धिः ॥ ६ ॥

परे परो भक्तिवशः पुमान् श्रुतः
स्वशक्त्यधीनः कथमेव तु स्वयम् ।
ददाति शक्तिं स्वगतां कथं प्रभुः
प्रेम ह्यतोऽनिर्वचनीयमूचिरे ॥ ७ ॥

महान् भक्ताचार्यों का मत है कि—श्रुति में भगवान् को भक्तिवश बताया है । यदि भक्ति ह्लादिनी शक्ति हो तो अपनी शक्ति के अधीन अपने आप कैसे ? भगवान् भक्ति देते हैं तो स्वगत शक्ति का प्रदान कैसे हो । अतः "अनिर्वचनीयं प्रेमस्वरूपं" यह नारदोक्त सिद्धान्त ही सम्यक् है ॥ ७ ॥

परे त्विति । अत्रेदमनुसन्धेयम् । प्रेमायमानन्दमयानुराग इत्युक्तं प्राक् । तत्रानुरागो नाम यदीच्छामात्रं तदा तस्याः सर्वस्मिन् देहिनि सत्त्वाद् "मुक्तिं ददामि कर्हिचित्स्म न भक्तियोगम्" इत्यनुपपन्नं स्यात् । किं चेच्छायामानन्दमयत्वं स्वतो नास्ति । तस्या दुःखोत्पादकत्वात् । अलब्धे हीष्टवस्तुनि दुःखं सर्वेषाम् । लब्धे पुनरिच्छैव नेति क्व तत्रानन्दमयत्वादिचिन्ता । उक्तं च दीधित्यादौ 'जिज्ञासाया इच्छात्मकत्वेन दुःखप्रयोजकत्वमि' ति । "सिद्धे नेच्छे" ति च ।

नापीच्छायामानन्दमयत्वं परतः। तथा सति बुभुक्षादेरपि परत आनन्दमयत्वाद् भक्तित्वापत्तेः। किं चेच्छादेर्मायाकार्यत्वाद् भगवतस्तदधीनत्वासंभवाद् "अहं भक्तपराधीनः" "परो भक्तिवशः पुमान्" इत्यादिवचनविरोधः स्यात्। तस्मात् सिद्धत्वे सत्यसिद्धत्वं, स एवानन्दमयानुरागः। नित्यसंयोगनित्यविरहो हि भगवति कृष्णे राधिकादेः। किंस्वरूपं तर्हि प्रेम यद्रूपा भक्तिरिति। तत्र केचिदाहुः। भगवतो ह्लादिनीशक्तिरेव सेति। तत्रेदं चिन्त्यते। सा जीवेषु प्रथमत एवास्तित्वं लभते न वा। आद्ये किं दीयते भगवता। यदुद्दिश्य "भक्तिं प्रयच्छ रघुपुङ्गवे" त्यादिप्रार्थना प्रवर्त्तते। द्वितीये जीवपरयोरैक्यसिद्धान्ते जीवात्मनि तदनस्तित्ववाचोयुक्तेरनर्थकत्वम्। भेदसिद्धान्ते शक्तिशक्तिमतोर्नित्यसम्बन्धात् स्वनिष्ठाया ह्लादिनीशक्तेः स्वस्मादुद्धृत्य भगवता प्रदानं दुर्घटम्। यदि च जीवे ह्लादिनी शक्तिरुत्पाद्यते तदेव दानमित्युच्यते तदा भगवन्निष्ठा ह्लादिनीशक्तिरित्युक्तसिद्धान्तभङ्गः। किं च स्वनिष्ठाया वा स्वोत्पादिताया वा ह्लादिनीशक्तेर्वशगतो भगवानिति कथं घटते ? यदि तु कल्प्यते लोकाऽसिद्धमपि तर्हि अभिलाषविशेषो मायाकार्यविशेषो वा भक्तिरस्तु तदधीनत्वमप्यलौकिकं कल्प्यताम्। तथा च पृथक्शक्तिकल्पनाविरहाल्लाघवं स्यात्। तस्मादनिर्वचनीयमेव प्रेमस्वरूपम् तथा चाह देवर्षिर्नारदः—"अनिर्वचनीयं प्रेमस्वरूपम्" इति। ह्लादिनीशक्त्यादिप्रतिपादकवाक्यं तु तत्सद्भावमात्रे प्रमाणमस्तु। न तु तस्या भक्तित्वेपि। प्रेम पुनर्व्यापकमेव तत्त्वम्। अविद्याशबलितजीवस्यानिर्वचनीयमायावरणविशेषादप्राप्तवदवतिष्ठते। तदावरणहरणेनाभिव्यञ्जनमेव भगवता तत्प्रदानम्। यद्वाऽनिर्वचनीयतत्स्वरूपतायां सर्वं यथाश्रुतमुपपद्यते, नाधिकं विचारणीयम्। अप्राकृतं दिव्यं प्रेमेति ॥ ७॥

तत्प्रीतिसाक्षात्फललक्षणानि वा
तदर्थसंत्यक्तफलात्मकानि वा।
कर्माणि निर्मूलितकैतवानि चेत्
संयोगसिद्धा भवभक्तिरीरिता ॥ ८॥

संयोगसिद्धा, स्वरूपसिद्धा, स्वभावसिद्धा, अङ्गसिद्धा ऐसी चार प्रकार की भक्ति होती है। इनका क्रमशः लक्षण देखें। भगवत्प्रीति जिनका साक्षात् फल हो, या जिनका फल भगवदर्थं समर्पित किया हो ऐसे कर्मों को संयोगसिद्धा भक्ति कहते हैं॥ ८॥

भगवत्प्रेमैवानिर्वचनीयस्वरूपं दिव्यं भक्तिपदमित्युक्तम्। कथं तर्हि भगवदर्थकर्मणां श्रवणादीनां च भक्तित्वमित्याशङ्कायामौपाधिकभक्तित्वमाह पञ्चभिः। तत्र तावद् भक्तिश्चतुर्धा, संयोगसिद्धा, स्वरूपसिद्धा, स्वभावसिद्धा चाङ्गसिद्धा च। तत्र परमेश्वरभावनासंयोगमात्रप्रयुक्तत्वात् संयोगसिद्धत्वम्। अनियत-तत्संयोगस्य भगवद्विषयस्य स्वरूपसिद्धत्वम्। भगवद्भावनारूपत्वात्स्वभावसिद्धत्वम्। अङ्गभावादङ्गसिद्धत्वम्। आद्यमपि द्विधा। तदुभयं व्याचष्टे तत्प्रीतीति। भगवत्प्रीतिर्भवत्वितीच्छया क्रियमाणं यज्ञदानादिकं पूजासामग्र्युपनयनादिकं च तत्प्रीतिसाक्षात्फलकम्। तत्प्रीतिर्भगवत्प्रीतिः साक्षादेव फलं येषां तानि कर्माणि भगवद्भावनासंयोगसत्त्वात्संयोगसिद्धा। भगवत्प्रीत्यर्थताभावनाविरहे तु न तेषां भक्तित्वम्। भगवत्प्रीतिर्भवत्वित्यनुसंधानं विनैव कर्म कृत्वा भगवते फलं समर्पयामीति भावनासत्त्वे भक्तित्वं यज्ञदानकृषिवाणिज्यादीनां सर्वेषाम्। तदर्थं = भगवदर्थं संत्यक्तानि समर्पितानि फलानि येषां कर्मणां तान्यपि संयोगसिद्धा भक्तिः। भगवदर्थं संकल्प्य पुनः स्वतः फलभोगे छलम्। तद्रहितानि निर्मूलितकैतवानि। तदुक्तं—"धर्मः प्रोज्झितकैतवोऽत्रे"ति। भवभक्तिरिति। हरिहरयोरैक्यात्। अभवेति वा छेदः। अजनेतितदर्थः। "यर्ह्येवाजनजन्मर्क्षमि" त्यादिप्रयोगात्। एवमुत्तरत्रापि प्रयोगो द्रष्टव्यः॥ ८॥

अनिच्छया वा स्वपरेच्छया वा
कृतानि नामश्रवणादिकानि।
सकैतवान्येवमकैतवानि
स्वरूपसिद्धां हरिभक्तिमाहुः॥ ९॥

नाम श्रवण कीर्त्तनादि स्वरूपसिद्धा भक्ति हैं। स्वरूपतः वे भक्ति ही हैं अतएव अनिच्छा से हो, स्वेच्छा से हों या परेच्छा से हो, भक्ति ही है। एवं फलाभिलाषा होने से सकैतव हो, फलाभिलाषा न होने से अकैतव हो तो भी श्रवणादि स्वरूपसिद्ध भक्ति ही है ॥ ९ ॥

स्वरूपसिद्धां व्याचष्टे—अनिच्छयेति। श्रवणकीर्त्तनार्चनादीनि स्वरूपसिद्धा भक्तिः। तेषां भक्तित्वाव्यभिचारात्। अतएव यथाकथंचित्कृतान्यपि भक्तिरेवेति द्योतयन् विकल्पयति—अनिच्छया वेत्यादि। अकैतवानि सकैतवानीति द्वेधा फलेच्छातदभावाभ्याम्। पुनस्त्रेधा। स्वेच्छाप्रापितानि परेच्छाप्रापितानि अनिच्छाप्रापितानीति। आद्यं प्रसिद्धम्। पित्राद्यादेशकृतं द्वितीयम्। कुक्कुरभीतश्येनादेर्देवालयप्रदक्षिणादि तृतीयम्। अत्राहुः। नवधाभक्तावनन्तर्गतं सामग्र्युपनयादि कर्म संयोगसिद्धा। तदन्तर्गतं श्रवणादि पूजादि च स्वरूपसिद्धा। स्मरणादि नवधान्तर्गतमपि स्वभावसिद्धेति। भगवद्भावनाविरहेऽपि अजामिलकृतनामकीर्त्तने स्वरूपसिद्धत्वमेव ॥ ९ ॥

पराभवद्वैषयिकप्रवृत्ते—
मंतेरविच्छिन्नगतिर्महेशे।
समाधिलक्ष्मा निरुपाधिभावा
स्वभावसिद्धा परमेशभक्तिः ॥ १० ॥

स्वभावसिद्धा भक्ति निरुपाधिक तथा सोपाधिक भेद से दो प्रकार की है। उनमें निरुपाधिक स्वभावसिद्ध यह है कि विषयकार वृत्ति को पराभूत कर परमेश्वर में स्वयमेव मन की अविच्छिन्न धारारूप से गति होना। यह समाधिरूप है ॥ १० ॥

स्वभावसिद्धा भक्तिर्द्वेधा। निरुपाधिका सोपाधिका च। आद्या समाधिलक्षणा। द्वितीया धारणारूपा। एतद् द्वयमेव भगवता "मय्येव मन आधत्स्वे" त्यादिना "अभ्यासयोगेन तत" इत्यादिना च गीतासूक्तम्। तत्क्रमेणैवात्रोभयं निरूपयति द्वाभ्याम्। पराभवदिति। पराभवन्ती विषयविषयिणी प्रकर्षवती वृत्ति-

यस्याः सा तथा तस्या मतेस्तैलधारावदविछिन्ना महेश्वरे या गतिः सा समाधिलक्षणा परमेशभक्तिर्निरुपाधिकस्वभावसिद्धा । "मद्गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये । मनोगतिरविच्छिन्ना यथा गङ्गाम्भसोऽम्बुधावि" त्यादेः । ननूपाधिवशाद्भेचतुष्टयं प्रेम्णः प्रागुक्तं, कथं निरुपाधिकत्वमिहोच्यत इति चेन्न । समाधावपि वृत्तिसत्त्वात् । तथा चोक्तं "वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः । स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थिताद्" इति । भगवत्पतञ्जलिमतेऽपि "विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः" इत्यसंप्रज्ञाते संस्कारोपाधित्वमस्त्येव । एतदेवाभिप्रेत्यात्र प्रवृत्तेरित्यत्र प्रोपसर्गः । तथा च निरुपाधिभावेत्यपि निरुपाधेर्भाव इव भावो यस्याः सेति व्याख्येयम् । अयत्नसिद्धत्वात्मकनिरुपाधिभावस्य समाधावपि सत्त्वात् । नन्वेवं संसारकाले निरुपाधि प्रेमैव न स्यादिति चेन्न । प्रेम स्वतो निरुपाधिकमेव स्वरूपतः । तत्पुनरुपाधिसांनिध्ये सोपाधिवद्भाति । प्रेमसम्बन्धात्तु कर्मणां श्रवणादीनां च प्रेमरूपत्वं भक्तिरूपत्वं वा । प्राकृतं नामादिकं दिव्यसम्बन्धाद्भक्तिरूपम् । तदभ्यासाभिव्यङ्ग्यदिव्यनामादि स्वतःप्रेमरूपमेवेत्यादिकं तु भक्तिदर्शनवार्त्तिके विस्तरः । "तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिरि"ति भगवत्पतञ्जल्युक्तेर्निर्बीजे संस्कारस्यापि विरहात्तत्र निरुपाधिकं शुद्धं प्रेमैव । तत्प्रतिबिम्बमात्रं श्रवणादावित्यादि मतान्तरविस्तरः कादम्बिन्याम् ॥ १० ॥

निवर्त्य चित्तं बलतोऽखिलेभ्यः
प्रवर्त्तितेऽभ्यासभरेण विष्णौ ।
तदेकतानत्वमुपाधिमिश्रा
स्वभावसिद्धा हृदि धारणाख्या ॥ ११ ॥

समस्त विषयों से बल पूर्वक लौटाकर निरन्तर अभ्यास से हृदि स्थित भगवान में स्थिर किये चित्त में जो भगवदेकतानता होती है उसे धारणानामक सोपाधिक स्वभावसिद्धा भक्ति कहते हैं ॥ ११ ॥

निवर्त्येत्यादि । सयत्नत्वादुपाधिमत्त्वम् । यद्यपि वक्ष्यमाणे सप्तप्रकारे स्मरणे दास्यादिके चापि स्वभावसिद्धभक्तित्वं युक्तमिति द्वयोरेव स्वभावसिद्धत्वकथन-

मयुक्तम् । तथापि उपदर्शितगीतावचनानुसारेण द्वयोर्ग्रहणमत्र कृतम् । परे तु स्मरणादेः स्वरूपसिद्धत्वमेव । घटादिस्मरणस्याऽभक्तित्वात् । न चैवं धारणादेरपि तथात्वं स्यादिति वाच्यम् । "देशबन्धश्चित्तस्य धारणे" तिसूत्रभाष्ये नाभीचक्रादीनां बाह्यविषयाणां च देशत्वकथनेन विषयान्तरधारणाया अपि परम्परया भक्ति-साधनत्वेन भक्तित्वसंभवात् । एतदनुसारेण लक्षणान्यपि कार्याणि धारणया ध्यानमपि ग्राह्यम् । समाधिना निर्विकल्पसविकल्पादि सर्वमिति प्राहुः ॥११॥

तदङ्गभावं प्रतिपद्यमाना-
न्यसङ्गतादीनि गुणात्मकानि ।
सोपाधिकान्यप्यनुपाधिकानि
ब्रुवन्ति भक्तिं मुनयोऽङ्गसिद्धाम् ॥१२॥

भक्ति के साथ अङ्गाङ्गि भाव को प्राप्त हुए असंगता अमानिता आदि अंगसिद्धा भक्ति है। वह भी पूर्ववत् सोपाधिक तथा निरुपाधिक दो हैं। स्वभावतः असंगता आदि हो तो निरुपाधिक है। और प्रयत्न-पूर्वक हो तो सोपाधिक है ॥ १२ ॥

तदङ्गेत्यादि । "सर्वतो मनसोऽसङ्गमादौ सङ्गं च साधुषु" इत्यादीनि भागवतैकादशतृतीयोक्तानि "अद्वेष्टा सर्वभूतानाम्" इत्यादीनि गीताद्वादशोक्तानि च यथायोग्यमङ्गसिद्धा भक्तिः । अत्र यदन्यथान्यथा संयोगसिद्धादीनां व्याख्यानमन्यैः कृतं तत्र चिन्ता कादम्बिन्याम्"

इति प्रथमं प्रकरणम्



सोऽयं प्रेमरसः स्वयं हि घटते संवर्धमानः शनै-
रानन्त्याय सितेन्दुवत् सुविमलः पाराह्णिकच्छायवत् ।
व्यामोहः स परिक्षयेण विरसः सम्पद्यमानः क्रमा-
दस्तं यस्त्वयतेऽसितेन्दुरुचिवत् प्राह्णेतनच्छायवत् ॥१३॥

पूर्वोक्त रसात्मक प्रेम उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है, और शुक्लपक्ष के चन्द्रमा के समान या दोपहर की छाया के समान बढ़ता-बढ़ता अनन्तता को प्राप्त होता है। वह व्यामोह मात्र है (प्रेम नहीं) जो क्रमशः क्षीण होता हुआ नीरस हो जाता है और कृष्णपक्षके चन्द्रमा के समान या प्रातःकाल की छाया के समान घटता-घटता अन्त में अस्त हो जाता है ॥ १३ ॥

प्रतिक्षणवर्धमानत्वविशेषणेन दर्शनीयं मोहवैलक्षण्यं स्फुटयति सोऽयमिति । सितेन्दुवदिति । शुक्लपक्षचन्द्रो वर्धमानः पूर्णवृत्ताकारो भवति । वृत्तस्य चाद्यन्त-रहितत्वादनन्ततायां दृष्टान्ततोपपत्तिः । लौकिकप्रतीत्यनुसारेण च्छायोदाहरणम् । ननु कथं प्रेम्णो वर्धमानत्वम् । उच्यते । अवर्धमानस्यापि चन्द्रमस आवरणभङ्गे न वर्धमानत्ववदत्राप्युपपत्तिः । अनात्मांशपरित्यागक्रमिकतया वा वर्धमानत्वम् । मोहे प्रथमं किंचिदात्मांशविषयत्वं तत्परित्यागक्रमिकतया क्षीयमाणत्वं च ॥ १३ ॥

प्रेमायं प्रकटीभवन् सुकृतिनां नैमित्तिको यद्यपि
स्यादानन्त्यपथोपकल्पितगतिः पश्चादनैमित्तिकः ।
इत्थं चैव निमित्तहानजनितान्नैमित्तिकापायना-
दुत्तीर्णः स भवान्तरेष्वपि भवेदुच्छित्तिहीनः सताम् ॥१४॥

यद्यपि यह प्रेम प्रथम नैमित्तिक (सौन्दर्य माधुर्य आदि निमित्तजन्य) होता है। किन्तु प्रतिक्षण वर्धमान होकर अनन्तता की ओर बढ़ने लगता है तो वही अनैमित्तिक हो जाता है। नतीजा यह कि निमित्तनाश से

जो नैमित्तिक नाश हुआ करता है, उस नियम से ऊपर उठकर जन्म-जन्मान्तर तक भी नाश रहित हो जाता है ॥ १४ ॥

अपेतविच्छेदत्वमुपपादयति-प्रेमायमिति । नैमित्तिकः—सौन्दर्यमाधुर्यादि-निमित्तजन्यः अनैमित्तिकः स्वप्रयोज्यत्वात् । यथा हि दम्पत्योः प्रथमतः सौन्दर्यादि-निमित्तोऽपि पश्चादात्मप्राधान्येन नष्टेऽपि सौन्दर्यादावनुवर्त्तते प्रेमा । यद्यपि भगवतः सौन्दर्यादिकं लौकिवन्न क्षणभङ्गुरं, नित्यत्वोपगमात् । तथापि भगवत्सौन्दर्यादेरप्रत्यक्षत्वात् प्रथमं सौन्दर्यादिश्रवणाद्वाऽर्चाविग्रहादि-सौन्दर्यादिदर्शनाद्वा प्रेमोत्पत्तिः स्यात् । तच्च निमित्तं न शाश्वतमिति नैमित्तिकापाय संभावना विद्यत एव । साप्यानन्त्यपथोपकल्पितगतेर्निवर्त्तत इति ॥ १४ ॥

पूर्वं सैष निजास्पदेऽपरिमितः संपद्यमानः पुन-
स्तत्सम्बन्धिषु तद्रजोऽवधिषु हि व्याप्नोत्यसंकोचतः ।
ईशस्यैष पदाम्बुजे प्रतिसरन् सर्वस्य तज्जत्वतो
विश्वप्रेमविधामुपैति विबुधास्तामेव भक्तिं जगुः ॥१५॥

यह प्रेम प्रथम प्रेमास्पद में होता है। वह बढ़ता हुआ वहाँ समाता नहीं तो बाहर की ओर फैलने लगता है। तब वह प्रेमास्पद के संबंधी मित्र, वस्त्र, छाता, जूता यहाँ तक को उसकी धूली में भी असंकुचित रूप से व्याप्त होता है। यह प्रेम भगवान के चरण कमलों में प्रसारित होता है तो सारा जगत् भगवदुत्पन्न अतएव भगवत्संवन्धी होने से उन सब में व्याप्त होकर विश्वप्रेम का स्वरूप धारण करता है। विद्वान लोग उसी को भक्ति कहते हैं ॥ १५ ॥

पूर्वमिति । सैष इति "सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणमिति" सुलोपात् । व्याप्नोतीति । दृश्यते हि प्रियविरहकाले तदीयच्छत्रोपानहादेरपि वक्षःस्थले निधानादिकम् । कथं तर्हि सपत्नीद्वेष इति चेत् । न तत्र प्रेमा, किन्तु मोह एव

उदाहरणमात्रं साम्यात् । तत्सुखसुखित्वनियमात् प्रेमणि । एवं सति सर्वस्य जगतो भगवत्सम्बन्धित्वे स्थिते सत्यपि परनिन्दादिकारिणो भक्तंमन्याः क्षन्तव्याः ॥ १५ ॥

मोहं तमाहुस्तमसाऽऽवृतो यः
कामं च रागं रजसाधिरूढम् ।
प्रेमाऽविदुर्निर्मलसत्त्वनिष्ठं
तथा परप्रेम गुणप्रहाणात् ॥ १६ ॥

तमोगुण से आवृत राग मोह कहलाता है, रजोगुण से आवृत राग काम कहलाता है, निर्मल सत्त्वगुण में स्थित राग प्रेम माना है, वही गुणातीत अवस्था में परम प्रेम कहा गया है ॥ १६ ॥

व्यामोहः स परिक्षयेणेत्यादिकमुक्तम् । तत्प्रसङ्गेन मोह-काम-प्रेम-परमप्रेमसु वैलक्षण्यमाह—मोहमिति । तत्तद्व्यक्तिविशेषं प्रति तत्तद्गुणोद्भवाभिभवाभ्यामेकत्रैव मोहादय इति सांख्याः । तथा चानात्मप्रधाने एव तमोगुणप्राधान्ये मोहः, रजोगुणप्राधान्ये काम इत्याद्यनुसन्धेयम् । मतान्तरे मानसिकतमोगुणाद्युद्भवाभिभवाभ्यामेव मोहादिस्वीकारान्मनस एव तमोगुणाद्यावृतत्वसमये आत्मनस्तारतम्येन भानम्, यथा शैवलावृते सरसि सूर्यादिर्मन्दतमः प्रतिबिम्बः । विक्षिप्तपयसि मन्दः । विशुद्धे स्फुटः । जलोपाधिपरित्यागे शुद्धबिम्बदर्शनमिति । एतेन गुणोज्झितमित्यादि व्याख्यातम् ॥ १६ ॥

मिथ्याबुद्ध्या सकलजगतीं संप्रबाध्येक्ष्यतेऽत्र
ब्रह्मैकं यद्धयवधिविधया ज्ञानमाहुः परं तत् ।
विश्वस्मिन् स्वप्रियतमपरब्रह्मसंदर्शनात् स्याद्
बाधो यत्र स्वयमिव परं प्रेम तच्च ब्रुवन्ति ॥१७॥

ज्ञान और प्रेम में क्या फरक ? यही कि ज्ञान में प्रथम मिथ्यात्वनिश्चय से जगत् का बाध होता है, फिर अधिष्ठान ब्रह्म का दर्शन होता है। भक्ति में प्रथम सर्वत्र प्रियतम भगवान् का दर्शन होने लगता है। बाद में जगत का बाध अपने आप होने लगता है ॥ १७ ॥

प्रेमव्यामोहयोर्वैलक्षण्यमुक्त्वा तत्प्रसङ्गात् प्रेमज्ञानयोरपि वैलक्षण्यं दर्शयति—मिथ्येत्यादि । विस्तरः कादम्बिन्याम् ॥ १७ ॥

यत् स्वीयप्रियवस्तुनोऽर्पणविधावीहा तदर्थं परा
यत् कर्त्तुं सकलानि निर्मलमतिः कर्माणि तत्प्रीतये ।
तस्यैकक्षणविस्मृतावुदयते यद् व्याकुलत्वं महत्
तच्चिह्नं परमं वदन्ति परमप्रेम्णः प्रलीनैनसः ॥१८॥

परमपुरुषार्थविधयोपक्रान्तं प्रेम। तत्र परमत्वमधुना स्पष्टीकरोति–स्वर्ग इति। प्रथमपादे वैदिककर्मणां ब्राह्मणप्रधानत्वात्तत्कर्मफलयोः परमत्वप्रतिक्षेपः। राज्ये शत्रुभयमिति क्षात्रकर्मतत्फलपरमत्वप्रतिक्षेपः। कृषावित्यादिना वाणिज्य इत्यादिना च वैश्यकर्मतत्फलपरमत्वप्रतिक्षेपः। सेवास्विति शूद्रकर्मतत्फलपरमत्वप्रतिक्षेपः। सर्वैर्ब्रह्मणादिभिर्भगवत्प्रेमैवाभयार्थमाश्रयणीयमिति तात्पर्यम्। प्रतिभयमुग्रम्। "भयंकरं प्रतिभयं रौद्रं तूग्रममी त्रिषु" इत्यमरः। उक्तानुक्तसकलसंग्रहार्थमर्धचतुर्थपादः। परमं सिद्धान्तमाह–प्रेमैकमेवाभयमिति। अत्र टिप्पणीकृत्। वैराग्यमेवाभयमितिभर्तृहरिवचनप्रतिद्वन्द्वितार्थमिवेदमिति। नत्वत्र प्रतिद्वन्द्विता वस्तुतः इत्याशयेनैवकारः। रागलक्षणप्रेमा हि वैराग्यविरोधीत्याभासः। वस्तुतो हरिप्रेमैव जगतो वैराग्यं नाम। असति जगद्वैराग्ये पूर्णभगवत्प्रेमायोगात्। वक्ष्यति च तृतीयस्यां–"राग विरागं कथयन्ति सन्त" इति। एतदुक्तं भवति भगवत्प्रेमैव जगद्वैराग्यमविनाभावित्वादिति। एतेन वेश्यावशीभूतविप्रनारायणोदाहरणेन विनापि वैराग्यं भगवत्प्रेमसंभावनां कुर्वन्तः परास्ताः। विस्तरः कादम्बिन्यां दर्शनीयः॥ १०७॥

यस्मिन् बुद्बुदवत्तरङ्गततिवच्छृङ्गारशान्तादयो
व्युत्तिष्ठन्ति लयं प्रयान्ति च रसा यः केवलोऽपि स्थितः।
निस्तिर्णाखिलदुःखसंप्लवममन्दानन्दबोधाम्बुधिं
वन्दे मङ्गलविग्रहं तमनिशं प्रेमाणमीशं हरिम्॥१०८॥

जिस प्रेम सागर में शृंगार-करुणादि रस बुद्बुदों के या तरंगों के समान उठते हैं और लीन भी होते हैं तथा जो कभी शृंगारादि रस तरंगों के विना केवल रूप से भी रहता है; अशेष दुःख-उत्पातों से रहित परिपूर्ण आनन्द एवं ज्ञान के सागर मंगल कलेवर प्रेमस्वरूप उस ईश्वर हरि की मैं निरन्तर वन्दना करता हूं॥ १०८॥

एवं परमपुरुषार्थतयोपक्रान्तस्य प्रेम्णः परमत्वं स्पष्टीकृत्य तदभिन्नतया भगवन्तं तत्स्वरूपप्रदर्शनपुरःसरं मङ्गलरूपेण प्रणमति–यस्मिन्निति। शृङ्गारशान्तादय इति। शृङ्गारादयः शान्तादयः इत्यर्थः। अत्र भूवादयो धातव इति सूत्रं वासदशा भ्वादय

इत्यर्थवत् शान्तसदृशाः शृङ्गारादय इत्यर्थः । तेन बीभत्सादेः परिहारः । ननु "नवरसमिलितं वा केवलं वा पुमर्थम्" इति श्रमिन्मधुसूदनसरस्वतीभिर्नवानामपि ग्रहणाच्छान्तपदमनर्थकमिति वाच्यम् । तत्र नवत्वसंख्याया अन्यथैव पूरणीयत्वात् । नवनवरसमाधुरीधुरीणा इत्यत्रैव नूतननूतनार्थकत्वाद्वा । तैरेव स्वग्रन्थेऽग्रे बीभत्सरसादेर्भक्तित्वनिरासात् । मल्लानामशनिरितिश्लोके स्वामिभिर्बीभत्सादेरप्युक्तत्वाद्भक्तित्वं चेन्मुख्यत्वाच्छान्तग्रहणम् । मङ्गलेति । "ब्रह्म तन्मङ्गलं विदुरि"ति मङ्गलस्वरूपमित्यर्थः । ग्रन्थकृतः संक्षिप्तस्वनामनिर्देशश्चायम् ।। १०८ ।।

यः पूर्वं समपूजयन्मुररिपुं श्रीकृष्णचन्द्रं विभुं
यश्चेशानमतोषयत् परमया भक्त्याऽऽशुतोषं ततः ।
यश्चाम्बां समलम्बत प्रणयतो याऽदर्शयत्स्वं मह-
स्तस्य श्रीजयमङ्गलाह्वययतेरेषा कृती राजते ।।१०९।।

जिन्होंने प्रथम मुरारी भगवान् हरि की विभुरूप से पूजा की, बाद में काशीपुरी में परम भक्ति के साथ आशुतोष शंकर भगवान् को संतुष्ट किया तथा दक्षिण में कोलापुरवासिनी जगदम्बा माता का आलम्बन किया जिस भगवती ने प्रेम से अपना तेजःस्वरूप दिखाया उन श्री जयमङ्गलाचार्य (श्री काशिकानन्द) याति की यह कृति बुधजन मानस में विराजित हो ।। १०९ ।।

संक्षेपतः स्वपरिचयमाह ग्रन्थकारः य इति । कृती राजत इति ढ्रलोपदीर्घः ।

श्लोकभावार्थरक्षायै टिप्पणीयं कृता मया ।
दर्शनीयो यथाशास्त्रं कादम्बिन्यां तु विस्तरः ।।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य जयमङ्गलाचार्य-महामण्डलेश्वरकाशिकानन्दयतेः कृतौ दिव्यरसतरङ्गिण्यां द्वितीया प्रेमलहरी समाप्ता ।।



दिव्यरसतरङ्गिणी

तृतीया आनन्दलहरी

(कादम्बिन्या मङ्गलाचरणम्)

क्रोडे संनिदधद् विनोदविधिना जिष्णुर्यशोदा च यद्
हस्ते मण्डनतः शमाय मुनयश्चित्ते शिरस्युद्धवः ।
संतप्तस्तनमण्डलेष्वघशतो गोप्यश्च निर्वव्रिरे
वन्दे नन्दतनूजसुन्दरपदद्वन्द्वं तदन्तर्हृदि ॥१॥

जिस (चरण कमल) को विनोद से अर्जुन ने अपनी गोद में रख कर निर्वृति (परम सुखानुभूति) पायी; मण्डनार्थं जिसे हाथ में लेकर यशोदा माता ने आनन्द पाया; ऋषि-मुनि शम प्राप्त्यर्थ हृदय में धारण कर सुख पाया; शान्त्यर्थ अपने मस्तक में धारण कर उद्धव ने आनन्द पाया; गोपिकाओं ने अपने संतप्त उरःस्थल में रख कर शान्ति पायी; नन्दनन्दन भगवान् श्रीकृष्ण चन्द्र के उस कोमल पदारविन्द युगल को हम हृदय से वन्दना करते हैं ॥ १ ॥

शिक्ये पिधाय निहितं
विमथा कलशं प्रभिद्य नवनीतम् ।
हस्ते पतितं कुतुकात्
पश्यन् स श्यामलो जयति ॥२॥

छीका में ऊपर ढक कर रखे हुए दधिकलश को मथानी उलटी पकड़ भेदन करने पर नीचे हाथ में जो माखन का गोला पड़ा उसे प्रसन्नता पूर्वक देखते हुए यशोदा माता के आंगन में शोभायमान श्यामसुन्दर भगवान की जय हो। (छीका में ऊपर मटका रखा हुआ है। श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण ने देखा यह बहुत ऊंचा है तो हाथ में मथानी ली और उसको उलटा कर पतले भाग से ऊपर की ओर मारा। मटका में छेद हो गया। उसमें से छांछ की धारा गिरने लगी नीचे हाथ किया तो आखिर माखन का गोला आ गिरा। उसे भगवान् बालमुकुन्द बड़ी प्रसन्नता से देख रहे हैं। ऐसी प्रसन्न मुद्रा में स्थित श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् की जय हो) ॥ १ ॥

केनोद्भिन्ना कलशी-
त्युद्यम्य करं समागतां जननीम्।
न मया स्वयं तु भिन्ने-
त्यनृतमृतात्मा भिया लपति ॥२॥

मटका फूटने की आवाज से यशोदा माता दौड़ कर वहां पहुंची। देखते ही मालूम पडा कि कन्हैया ने ही फोड़ा। पूछा किसने मटका फोड़ा ? माता पीटने के लिये हाथ उठाये हुए थी। सत्यात्मा भगवान् उस समय असत्य बोलने लगे। मैया ! मैंने नहीं फोड़ा। यह स्वयं फूटा। (आत्मा स्वयं अकर्ता है। प्रकृति ही कर्त्री है। ऐसा यहां रहस्य है। अथवा मैंने स्वयं नहीं फोड़ा। प्रकृति युक्त होकर फोड़ा ऐसा अन्वयार्थ है। अनृत रूप घटभेदनादि को भगवान् बोल रहे हैं ॥ २ ॥

द्विगुणापराधहेतो-
रतिकुपिताया विलोक्य शोणदृशौ।
मातुः प्रवेपतेऽसौ
भीषा यस्माज्जगत् क्रमते ॥३॥

एक तो मटका फोड़ दिया, दूसरा यह झूठ भी बोल रहा है, इस दुगुने अपराध से अत्यन्त कुपित हुई माता की लाल आंखें देख कर भगवान् कांपने लगते हैं, जिस भावना के भय से यह जगत् सक्रिय हो रहा है, यह कैसा आश्चर्य है भीषास्याद्वातः प्रवते इत्यादि श्रुति है ॥३॥

कातरमवलोक्य सुतं
प्रेम्णा निर्भिन्नहृदयिनी देवी ।
पाणौ विधार्य चिबुकं
सकलाभयदाय दात्यभयम् ॥४॥

अपने लाल को डरे हुए देख कर देवी यशोदा का हृदय प्रेम से भर आता है। कन्हैया की ठोढी हाथ में ले उसे अभय देती है जो भगवान् समस्त जगत को अभय देने वाला है ॥ ४ ॥

आदायोरसि च तया
मुहुरयमाचुम्ब्यमानवदनोऽपि ।
नवनीताञ्जलिमजह-
ज्जयति जगद्धारणः कोऽपि ॥५॥

प्रेम से माता यशोदा छाती पर उठा कर बार-बार कन्हैया का मूंह चूम रही है। पर, माखन की अंजलि कन्हैया नहीं छोड़ता। जगत् को धारण करने वाले दिव्य स्वरूप उस भगवान की जय हो ॥ ५ ॥

खेलति भुवनमशेषं
बुद्बुदवत्पयसि यत्र महसि परे ।
श्यामलमङ्गलतायां
ललति तदाभीरवनितायाः ॥६॥

बुद्बुद के समान समस्त भुवन जिस परम ज्योति में खेलते रहते हैं वही तेज एक गोप स्त्री की अंगलता में खेल रहा है। धन्य हैं ॥ ६ ॥

भगवतश्चरितश्रवणोत्सुकाः
सततंतद्गुणसंगिरणे रताः ।
मधुररूपविचिन्तनतत्पराः
भवत रे भवसंतरणेच्छवः ॥७॥

भगवान का चरित्र श्रवण करने के उत्सुक बनो, सतत उसी के गुणगान में संलग्न रहो। भगवान् के मधुर रूप चिन्तन में तत्परता रखो। भवसागर पार करने के ये साधन हैं ॥ ७ ॥

व्रजत सज्जनसंगतिमुत्तमां
कुरुत निर्जनदेशरतिं सदा ।
त्यजत दुर्जनदूषितपद्धतिं
भजत भावुकभावितभावनाम् ॥८॥

संत संगति प्राप्त करो। हमेशा एकान्त देश सेवन करो। दुर्जन दूषित मार्ग को त्यागो। भावुकों को भावना अपनाओ ॥ ८ ॥

अविबुधैर्नितरामुपरोधने
प्यविचलं वसताचलनिश्चलाः ।
धरत धैर्यमकम्प्यमिहापदः
समुदिता मुदिता अभिवीक्ष्य च ॥९॥

अज्ञानी भले ही कष्ट दें, फिर भी पर्वत के समान अविचल रहो। चारों ओर आपदाओं का उदय देखकर भी सधैर्य प्रसन्न रहो ॥ ९ ॥

जपत नाम सदा मनसा हरे-
निजजनैः सह कीर्त्तयतापि तत् ।
पठत भागवतं चरितं मुहुः
कथयतापि कथां जनसंनिधौ ॥१०॥

भगवन्नाम का नित्य मानसिक जप करो। स्वजनों के साथ नाम संकीर्त्तन करो। भगवत् चरित्र बार-बार पढ़ो और लोगों की संनिधि में कथारूप में कहो ॥ १० ॥

दुरितचिन्तनमन्तयताखिलं
हरत मानसराज्यमनर्गलम् ।
चिनुत भागवतं वचनं सतां
तनुत चेतसि मङ्गलभावनाम् ॥११॥

पाप चिन्तन न करो। अनर्गल मनोराज्यों को त्यागो। संतों की हरि कथा का संग्रह करो। सर्वमंगल की भावना चित्त में रखो ॥ ११ ॥

भवति भक्तिनवाङ्कुररक्षणे
दृढतरो वरणः स हि सक्षमः ।
सुषममौषधमङ्कुरभक्षण-
प्रवणकीटगणक्षपणं च तत् ॥१२॥

यह नूतन भक्ति-अंकुर की रक्षाकारी सक्षम वाड है। और सुन्दर औषध भी है जो अंकुर को खाने वाले कीड़ों के नाशक हैं ॥ १२ ॥

यत्प्रेमतन्तून् प्रविभज्य दार-
पुत्रादिकांश्छङ्क्यसेऽविशङ्कम् ।

द्विभित्सुभिस्तैर्विरचय्य पाशं
बधान पादौ परमेश्वरस्य ॥१३॥

जिन प्रेमतन्तुओं को अलग-अलग कर निशंक भाव से पुत्र दारादि के साथ बांध रहे हो, ये सब टूटेंगे। इन तन्तुओं को जोड़कर एक रस्सी बनाओ और भगवान् के चरणों में बांधो जो कभी न टूटे ॥ १३ ॥

संसिन्वन्ति शतानि झञ्झणझणत्कारा न लौहान्दुकाः
कारागारशतानि रक्षकगणाध्यक्षाणि रुन्धन्ति नो।
बन्धुं किं प्रबभूव सर्वजगतीजेतापि कंसो हरिं
प्रेमाख्यैव हि शुल्विका लघुरपि श्रीकृष्णसन्दानिनी ॥१४॥

झनझनाती हुई सैकड़ों जंजीरें हरि को नहीं बांध सकतीं। द्वारपालों के देखभाल में सुरक्षित सैकड़ों कारागार उन्हें नहीं रोक सकते। सारी पृथ्वी को जीतने वाला कंस क्या भगवान् को बांध सका ? प्रेम रूपी रस्सी ही भले हलकी हो श्रीकृष्ण को बांध सकती है ॥ १४ ॥

निर्भिन्ना निगडा व्यवारि च जवात् कंसस्य कारा स्वयं
यस्याविर्भवने विदीर्णतमसो दुर्धर्षतेजोयुजः।
तस्योदूखलसंसितस्य लघुना दाम्ना यशोदाङ्गनं
कारागारनिभं बभूव समभादुद्दाम तद्दाम च ॥१५॥

भगवान् श्रीकृष्ण का आविर्भाव होते ही वसुदेवादि की बंधन शृंखला (हथकड़ी आदि) टूट गिरी। जेल स्वयं खुल गया। अंधकारहारी परम तेजस्वी उसी भगवान् के लिये यशोदा माता का आंगन ही जेलखाना बन गया था जब भगवान् ओखली पर बांधे गये थे और वही छोटी सो रस्सी भयंकर जंजीर बनी थी ॥ १५ ॥

दूरं धावति वज्रसंनिभमुरो निर्भिद्य सद्यः स्वभू-
रावद्धो नवनीतकोमलतरे चित्ते किलास्तेऽचलः ।
शक्तो दुर्दरदारुदारणविधावीक्षस्व नायं ह्यलिः
सायं मन्दनिमीलदम्बुजदलाद् गन्तुं बहिः कल्पते ॥१६॥

स्वयंभू स्वतन्त्र भगवान् वज्रकठोर हृदय को भेदन कर दूर भाग जाते हैं और माखन के समान कोमल चित्त में आवद्ध होकर अचल रूप से पड़े रहते हैं। देखो यह भ्रमर मजबूत लकड़ी को छेदने में समर्थ होने पर भी सायंकाल मन्द-मन्द वंद होते हुए कमल पुट से निकल बाहर जाने में असमर्थ हो रहा है ॥ १६ ॥

बाले मार्गयसे क्व दुर्गमपदं योगीश्वरैस्तद्विधो-
स्तत्तावत्प्रतिबद्धमस्ति हृदये श्रीराधिकायाः शुभे ।
उत्तप्ते प्रतिपायिते पयसि यां भैष्मीमुखाभिश्छला-
च्छोफो हन्त दुरन्तदाहकलनो यस्याभवत्पादयोः ॥१७॥

नारदजी—हे बाले ! गोपिके ! योगीश्वरों के लिये भी दुर्गम हरिपद को कहाँ खोज रही हो ? वह तो वस्तुतः राधिका के हृदय में नजरबंद है। रुक्मिणी आदि ने छल से उबलता हुआ दूध उन्हें पिलाया था। परिणाम यह निकला कि उस समय हृदय स्थित भगवत्चरण में वह जा लगा और भगवान् के चरणों में ऐसे फफोले पड़े जिसकी जलन असहनीय एवं जल्दी न मिटने वाली थी ॥ १७ ॥

संहृत्य क्षणभङ्गुरादसुखदादात्मेतरार्थाद् द्रुतं
जायापत्यपितृप्रसूधनसुहृत्सद्बान्धवाद्याद्द्वयात् ।
प्रेमाणं परिवीतशुल्वसुभगं कालाद्यभेद्यं परं
शुद्धं मङ्गलदेवतापतिपदे बध्नातु शान्तो भवान् ॥१८॥

क्षणभंगुर असुखकारी अनात्म पदार्थों से जो कि पत्नी, पुत्र, पिता, माता, धन, मित्र, बान्धवादि रूप हैं, प्रेम तन्तुओं को निकालकर बटी हुई रस्सी के समान एकीभूत एवं कालादि से अभेद्य बनाकर लक्ष्मीपति भगवान् के चरणों में शान्तभाव से बांध रखो ॥ १८ ॥

हृदयं मृदुलं विधेहि रे
धर पादाम्बुजकुड्मलं हरेः ।
मृदि विस्फुटमङ्कते पदं
मृदुलायां न शिलातले क्वचित् ॥१९॥

हृदय मृदुल बनाओ तब हरिपद कमल कलिका को धारण करो। मुलायम मिट्टी में पांव की छाप पड़ती है। पत्थर पर कभी नहीं ॥ १९ ॥

हरिपादसमागमे निजं
हृदयं प्रेमसुधाभिरार्द्रय ।
विषयोपगमे च भैरवैः
खरवैराग्यकरैर्विशोषय ॥२०॥

हरिचरण के स्मरण काल में हृदय भूमि को प्रेम सुधा से सींचो और विषयागम से पूर्व ही तीक्ष्ण वैराग्य किरणों से सुखा डालो ॥ २० ॥

गिरिराडुपयाति माधवे
हृदयं द्रावयति स्म दार्षदम् ।
अधुनापि पदाङ्कितं हरे-
रुपलभ्यं विषयाभिशोषितम् ॥२१॥

गिरिराज गोवर्धन ने भगवान् को आते हुए देखकर अपने पत्थर रूपी

हृदय को पिघलाया। फलतः आज भी भगवच्चरणाङ्कित पत्थर देखा जा सकता हैं जो विषयागमन काल में सुखा दिया था ॥ २१ ॥

अपि शुष्कसरःसमं मनः
प्रणयालं प्रणयामृतैर्मृदु ।
निहितं विनिकृष्यमाणम-
प्युपकृष्येत हरेः पदं न यत् ॥२२॥

भले ही यह चित्त शुष्क सरोवर के समान हो, फिर भी प्रणय रूपी अमृत से इसे सींचो। वह ऐसा मृदु हो जाय जैसे गहरा दलदल हो गया हो, जिससे भगवान् का चरण वहाँ आने पर धसता ही जाय और खींचने पर भी न खिचे ॥ २२ ॥

अपि मे हृदयं मृदु स्वयं
ननु हालाहलफेनफेनिलम् ।
परिमर्दय निर्दयं पदाऽ-
मृदुना कालियमर्दन प्रभो ॥२३॥

मेरा हृदय यद्यपि स्वयं मृदुल है। फिर भी रागद्वेषादि हालाहल के फेन से फेनिल हो गया है। हे प्रभो ! आप उसका मर्दन कर जहर को निकालो। आपने अपने मृदु कठोर पाद से मर्दन कर कालिय का जहर नष्ट किया था ॥ २३ ॥

कमले कमला कराम्बुजे
कमलायाः पदपङ्कजं हरेः ।
विदिधीर्षुरपास्तकण्टकं
कुरु हृत्तत् कुसुमं गलन्मधु ॥२४॥

कमल में कमला-लक्ष्मी रहती है। लक्ष्मी के कर कमल में भगवान् का चरण कमल ! अहो ! मानमदादि कांटों को हटाकर हृदय को मधु-स्यन्दि कुसुम बनाओ। तभी हरिचरणों को हृदय में धारण करने का सोचो ॥ २४ ॥



विधेहि सौन्दर्यसुधानिधाने
सदैव रागं वसुदेवसूनौ ।
विवेकिनो यान्ति तमेव तस्माद्
रागं विरागं कथयन्ति सन्तः ॥२५॥

सौन्दर्यसुधानिधान भगवान् वासुदेव में सदा राग करो विवेकी विवेक के बाद इसी राग को प्राप्त करते हैं। इसलिये इस राग को ही वैराग्य कहते हैं। क्योंकि विवेकोत्तर वैराग्य ही प्रसिद्ध है ॥ २५ ॥

ब्रुवन्ति मां पुण्यजना विरक्तां
न किन्तु मय्यस्ति विरागलेशः ।
अहं तु वृन्दावनकुञ्जलीला-
परेऽनुरक्ता नवनीतचौरे ॥२६॥

मीरा—लोग कहते हैं कि मैं विरक्त हो गयी हूं। किन्तु मैं देखती हूं कि मुझमें लेश भी वैराग्य नहीं है। मैं तो उस वृन्दावन विहारी नवनीत चौर भगवान् मुरारि में अनुरक्त हूं। (वस्तुतः यही अनुराग विराग है) ॥ २६ ॥

हेयो हि रागोऽयमनर्थकारी
स शक्यते नो यदि वा विहातुम् ।

विधीयतां तावदिहाखिलेषु
यदेव गोविन्दपदारविन्दम् ॥२७॥

यह अनर्थकारी राग सर्वथा हेय है। यदि इसे नहीं छोड़ सकते तो करो, किन्तु सर्वत्र करो। क्योंकि यह सब भगवच्चरणारविन्द ही है। श्रुति यही बात कहती है—"पादोऽस्य विश्वाभूतानि"।—समस्त प्राणी भगवान् का ही पाद है॥ २७॥

असत्यरूपे किल नामरूपे
रागं विदुः संसृतिबन्धहेतुम्।
तमेव मोक्षस्य निदानमस्ति-
भातिप्रिये श्रीहरिपादपद्मे ॥२८॥

तुच्छ नाम रूप में राग बन्धनकारी है। वही अस्ति भाति प्रियरूप हरिचरण में हो तो मोक्षका कारण बताया है॥ २८॥

प्रबाध्य सर्वेष्वपि नामरूप-
दृष्टिं दधीथाः परमेशदृष्टिम्।
रागं कुतो वा विनिवर्त्तयेथाः
सर्वं यतो ब्रह्म हि वासुदेवः ॥२९॥

सर्वत्र नामरूप दृष्टि बाधकर परमेश्वर दृष्टि करो। राग का निवर्त्तन या परिवर्त्तन अनावश्यक है क्योंकि "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" "वासुदेवः सर्वं" इत्यादि वचन से सभी परमेश्वर रूप हैं॥ २९॥

विनश्वरे मा कुरु रागमस्मिन्
विनाशकाले स हि दुःखहेतुः।

विधेहि विघ्नविनाशिनीशे
सदैव सन्मङ्गलभूम्नि देवे ॥३०॥

नश्वर दृष्टि से नश्वरवस्तुराग होता है। वस्तुनाशकाल में वह दुःखदायी होगा। अतः अविनाशी मंगलरूप प्रकाशात्मक भूमा परमात्मा में सदा राग करो॥ ३० ॥

म्लानान्यहो व्रजवनानि कृशाश्च गावो
गोपीजनाश्च विरहेण तवाम्बुजाक्ष ।
एका तु सातिचपलेन कलिन्दकन्या
संवर्धतेऽश्रुनिवहैर्व्रजबालिकानाम् ॥३१॥

उद्धवः—हे भगवन्! व्रज का क्या समाचार सुनाऊं। वहां के जंगल तो सूखने लगे, गायें मुर्झा गयीं, आपके विरह से गोपियां भी कृश हो गयी। हाँ, एक कालिन्दी जोर से बढ़ रही है। सो कैसे? खुशी से? नहीं। व्रज बालाओं के रोदनाश्रुके प्रवाह से॥ ३१ ॥

हे कृष्ण हे नलिनलोचन हे मुरारे
हे नाथ देव मुरलीधर दीनबन्धो ।
इत्येव देव सकलासु दिशासु नादः
संश्रूयते विरहजो व्रजगोपिकानाम् ॥३२॥

व्रज में हर दिशाओं में विरहिणी गोपिकाओं की यही आर्त्त पुकार सुनाई पड़ती है—हे कृष्ण! हे कमलनयन! हे नाथ! हे मुरलीधर! हे दीनबन्धु॥ ३२ ॥

त्वद्दर्शनप्रवणचित्ततया चिराय
कुञ्जेषु सानुषु गिरेः परिसञ्चरन्त्यः ।

स्मृत्वा त्वदीयगमनं सहसा निराशा
हा हेति पेतुरबला भुवि निःश्वसन्त्यः ॥३३॥

आपके दर्शन करने का निश्चय कर गोपिकायें कुंजों में और पर्वत के शिखरों में देर तक ढूंढ़ती रहती हैं। फिर जब एका-एक याद आ जाती है कि वे मथुरा गये हैं तो निराश होकर हाय-हाय! करती भूतल पर गिर पड़ती हैं ॥ ३३ ॥

प्रातः प्रमथ्य दधि ते चरितं गिरन्त्यो
हैयङ्गवीनमुपचित्य निधाय शिक्ये।
योषास्त्वदागमनदर्शनलोलनेत्राः
सायं विमोहकुहके विविशुर्हताशाः ॥३४॥

प्रातः दही मथ कर आपका चरित्र गाती हुई माखन निकाल गोपाङ्गनायें छीका में रखती हैं और आपके आगमन के लिये और दर्शन के लिये, लालायित हो बैठी रहती हैं। किन्तु सायं काल होने पर निराश हो मोहान्धकार में डूब जाती हैं ॥ ३४ ॥

काचित् क्षणं हसति रोदिति तत्क्षणं हि
रौति क्षणं लपति नृत्यति बम्भ्रमीति।
उन्मत्तवद् बधिरवज्जडवद् विलज्जं
नाथेति कम्पितरवं मुहुरुच्चरन्ती ॥३५॥

कोई गोपी ऐसी है कि जो क्षण में हंस लेती और तुरत रोने भी लगती है। क्षण में चिल्लाती, बात करने लगती, और चारों ओर घूमने लगती है। पागल जैसी बहरी जैसी और जड़ जैसी कभी होती है। निर्लज्ज हो नाथ नाथ! ऐसे कंपित स्वर बोलती है॥ ३५ ॥

इति गिरं निशमय्य शुचौद्धवीं
मुहुरमूमुचदश्रुकणान् विभुः ।
सकललोकपतिर्नववारिद-
च्छविरहो विरहोर्मिकुलाकुलः ।।३६।।

इस प्रकार शोक पूर्ण उद्धव वचन सुन कर भगवान् अपनी आंखों से आंसू बार-बार गिराने लगे । समस्त भुवन के मालिक होते हुए भी श्यामसुंदर हरि विरहतरंगों की बाढ़ से आकुल होने लगे ॥ ३६ ॥



हा हा देव प्रणतशरण श्रीपते दीनबन्धो
व्यापिन्येव प्रभवति भवत्यस्मि दीनातिदीना ।
कारुण्याब्धे स्वपदशरणं सर्वलोकाय यच्छन्
मामेवैकां कथमिव जगन्नाथ दीनां जहासि ।।३७।।

द्रौपदी की पुकार :—हे भगवान् ! हे प्रणतशरण ! हे लक्ष्मीपति ! हे दीनानाथ ! अहा ! व्यापक रूप से सर्वत्र रहते हुए आप प्रभु के सामने ही मैं दीन-दीन बन गयी हूँ । हे करुणासागर ! आप सबके शरण दाता हैं । हे जगन्नाथ ! आपने मुझ एक दीना को ही इस प्रकार कैसे त्याग दिया ?

हे देवेश स्वयमदितिजान् प्रेमपीयूषसिन्धु-
र्जातोऽवन्यामवसि दनुजैरर्दितान् लोकबन्धुः ।
कारुण्यं त्वं जगति तनुषेऽकारणं किन्तु भूमन्
मामेवैकां कथमिव जगन्नाथ दीनां जहासि ।।३८।।

हे देवाधिदेव ! आप प्रेमसुधा के सागर हैं, लोकबन्धु हैं । स्वयं पृथिवी में अवतार लेकर दैत्यों से पराभूत देवताओं की रक्षा करते हैं।

अकारण ही जगत में करुणा बरसाते हैं। किन्तु हे भूमन् ! आपने मुझ एक दीना को ही कैसे त्यागा ? ।। ३८ ।।

आक्रोशन्तं मकरवदनान्निःसहायं गजेन्द्रं
पातुं धावन् निजमपि विसस्मर्थ बन्धो शरीरम् ।
धावं धावं तमवसि पुरा निष्पतत्पीतवासा
मामेवैकां कथमिव जगन्नाथ दीनां जहासि ।।३९।।

गजेन्द्र असहाय था। आपको पुकार रहा था। ग्राह के मुँह से उसे बचाने आप दौड़े। उस समय आपने अपना शरीर भी भुला दिया। पीतांबर गिर पड़ा। फिर भी समय पर पहुंचकर आपने उसकी रक्षा की। किंतु मुझ दीना को आपने असहाय छोड़ा ।। ३९ ।।

ज्योत्स्नाशीतां प्रदहनशिखां, हारसौम्यान् पृदाकून्
प्रह्लादे त्वां स्मरति चक्रुषे कण्टकान्माल्यतुल्यान् ।
स्तम्भादाविर्भवसि च पुरा सत्यवाचं विधातुं
स त्वं दीनां कथमिव विभो सांप्रतं मां जहासि ।।४०।।

प्रह्लाद ने आपका स्मरण किया। आपने उसके लिये अग्निज्वाला को चांदनी के समान शीतल बनाया। सर्पों को पुष्पहार के समान सौम्य बनाया। कांटो को फूल बनाया। प्रह्लाद की वाणी को सत्य करने के लिये आप खंभे से ही प्रगट हो गये। वे ही आप आज कठोर कैसे हो गये ? मुझ दीना को कैसे त्याग रहे हैं ? ।। ४० ।।

कौरव्येऽस्मिन् दुरतितरणे नाथ पङ्के निमग्ना
त्वामेवैकं शरणमुपयातास्मि देवं शरण्यम् ।

एषा तावत्तव ननु ततः पालयैनां त्वदीयां
दीनामाहो भृशमशरणां संत्यजैव स्वतन्त्रः ॥४१॥

हे नाथ ! कौरवों के इस दुस्तर पंक में मैं डूब रही हूं। एक मात्र शरणदाता आप की शरण में आयी हूं। मैं आपकी हूँ। चाहे मुझे बचाओ, चाहे ऐसी अशरण ही मुझे छोड़ो, आप स्वतन्त्र हैं ॥ ४१ ॥

कौरव्याणामिति किल सभामध्यमाराध्यमुच्चै-
राक्रोशन्तीं स्फुटितहृदयां स्वीयहस्तेऽप्यनास्थाम् ।
यः कारुण्याद् द्रुपदतनयां कौरवाकृष्टचैला-
मावीदाविर्भवतु हृदये मङ्गलं नो दधानः ॥४२॥

दुःशासन साड़ी खींच रहा था। द्रौपदी हाथ से बचाने की कोशिश कर रही थी, पर उसमें भी अब आस्था नहीं रह गयी थी। सभा मध्य में आराध्य भगवान् को जोर-जोर से पुकारती हुई रो रही थी। करुणासागर भगवान् उपस्थित हुए। उसे बचाया। वे मंगलकारी भगवान् हमें भी दर्शन दें ॥ ४२ ॥



कवचं धर भक्तिरूपिणं
व्रज दुर्जेयरणाङ्गणे ततः ।
खरबाणहतोऽन्यथा भवे
रणमध्ये परिभावितो भवे ॥४३॥

भक्तिरूपी कवच पहन कर भवरूपी रणांगण में उतरो। अन्यथा तीखे बाणों से आहत होकर रणमध्य में पराभूत होओगे ॥ ४३ ॥ (भवेः)

यदि वाञ्छसि संसृतेः सृते-
रभिगन्तुं बहुकण्टकावृतेः ।

धर भावमुपानहं पदोः
शकटे वा विश भक्तिरूपिणि ॥४४॥

अनेक कण्टकावृत संसार (गृहस्थ) मार्ग से ही आगे (भगवत्संमुख) चलना है तो पावों में भावरूपी पादुका धारण करो या भक्तिरूपी गाड़ी में बैठो ॥ ४४ ॥

यदि वाञ्छसि मुक्तिमौक्तिकं
प्रतिलब्धुं तलतो भवाम्बुधेः ।
नय जीवनदायिनीं समं
हरिभक्त्योषजनप्रणालिकाम् ॥४५॥

भवसागर के गहन तल से यदि मुक्तिरूपी मोती चुगना चाहते हो तो जीवनदायी हरिभक्तिरूपी आक्सिजन की नली साथ ले चलो ॥ ४५ ॥

अतिमात्रमुपेत्य संसृते-
रुपभोगं हतजातवेदसाम् ।
ननु जन्मजरोपतापिनां
भगवद्भक्तिरियं रसायनम् ॥४६॥

संसार के अधिक उपभोग से मन्दाग्नि हो गयी हो और जन्मजरादि रोग लग गये हो तो इस भगवद्भक्तिरूपी रसायन का सेवन करो ॥ ४६ ॥

हृदि विध्यति सम्पदासुरी
यदि सेनेव ततोऽविलम्बितम् ।
पिब भावमथा विलोडितां
भगवद्भक्तिसमाह्वयां सुधाम् ॥४७॥

यदि आसुरी सेना सदृश आसुरी संपत् हृदय पर वार करती हो तो भावरूपी मथानी से मथित हरिभक्ति रूप सुधा का पान करो ॥ ४७ ॥

यदि मुक्तिवधूरपैति दूरे
निजदुर्वासनया विरज्यमाना ।
अधिवासय भक्तिलेपनेन
स्ववपुः सत्त्वरमङ्गलाञ्छितेन ॥४८॥

यदि अपनी दुर्वासना (दुर्गन्धि, खराब संस्कार) से मुक्तिरूपी वधू दूर भाग रही है तो भक्तिलेपन को अंगों में लगा कर अपने को अधिवासित (सुगंधित, उत्तम संस्कारयुक्त) करो ॥ ४८ ॥

न भक्तिभावं प्रतिपद्यतेऽहं-
ममाद्यविद्यामजहत् कदाचित् ।
मलाविलायःशकलं सुवर्णं
न जायते स्पर्शविमर्शनेऽपि ॥४९॥

अहंता-ममता आदि अविद्या छोड़े विना कभी भी भक्तिभाव प्राप्त नहीं होगा। मलावृत लोहा पारस का स्पर्श होने पर भी सोना नहीं बनता ॥ ४९ ॥

कदापि नाकर्षति लोभलुब्धं
स्वान्तं हि कृष्णोऽखिलकर्षणोऽपि ।
रसानुलिप्तं शकलं न लौहं
कदाचिदाचुम्बति चुम्बकं हि ॥५०॥

सकलाकर्षक भी कृष्ण लोभी चित्त का आकर्षण कभी नहीं करता रसलिप्त लोहखण्ड को चुम्बक आकर्षण नहीं करता ॥ ५० ॥

क्रोधादिके जाग्रति तापके न
स्फुरेन्मतौ भक्तिरनन्यभावा ।
निदाघरश्मौ दिवि जृम्भमाणे
क्व जृम्भतां नाम कला सुधांशोः ।।५१।।

तापकारी क्रोधादि के जागृत रहते हृदय में अनन्यभाव भक्ति नहीं हो सकती। सूर्य आकाश में तपने लगता है तो चन्द्रकला का क्या अस्तित्व रहता है ॥ ५१ ॥

बीजस्वरूपेण हृदि स्थितेयं
कामादिकीटैरभिकुष्यमाणा ।
शमाङ्कुराय प्रभवेन्न भक्ति-
स्तस्मात्समस्ताञ्जहि तान् हृदिस्थान् ।।५२।।

बीज रूप से हृदय में स्थित इस भक्ति को कामक्रोधादि कीड़े कुरेदने लगते हैं तो वह शमरूपी अंकुर उत्पन्न नहीं कर पाती। इस लिये हृदयस्थ इन कामादि को नष्ट करो ॥ ५२ ॥

प्लवङ्गराजः प्रतिलभ्य राज्यं
तारापरिष्वङ्गविलोलचेताः ।
अहो विसस्मार निजां प्रतिज्ञां
श्रीरामचन्द्रं भगवन्तमेव ।।५३।।

वानरराज सुग्रीव को ही लो। राज्य मिला। तारा में आसक्त हो गया। वह अपनी प्रतिज्ञा भूल जाता है और भगवान् राम को भी भूल जाता है ॥ ५३ ॥

कामो हि नामायमनर्थसार्थो
महाशनोऽसावशनिः शमाद्रेः ।
भस्मीकरोतीश्वरभक्तिबीजं
पाप्मानमेनं जहि मङ्गलघ्नम् ॥५४॥

यह काम अतिभोजी है। अनर्थ का साथी है। शम पर्वत का वज्र है। ईश भक्ति बीज को जलाता है। मंगलनाशक इस पापी को नष्ट करो ॥ ५४ ॥

इयं दासी प्रेम्णा सकलगृहकर्माणि कुरुते
प्रकुर्वाणा कर्माण्यपि गृहजनान् प्रीणयति च ।
रुदत्यां स्वामिन्यां विलपति च पूर्णाश्रुनयना
निजार्थैकप्रेमा भवति तु परं निर्ममनाः ॥५५॥

यह दासी कैसी ? देखो। प्रेम से घर का सारा काम करती है। काम करती हुई गृहजनों को प्रसन्न भी रखती है। सेठानी रोने लगती है तो यह भी आंसू बहा कर रोती है। किन्तु सबसे निर्लिप्त है। अपने अर्थ से ही मतलब रखती है। अन्यत्र उसमें कोई ममता नहीं है (ऐसे ही भक्त को संसार में रहना चाहिये) ॥ ५५ ॥

नटोऽयं वैदेहीविरहकृतशोको विलपति
श्रियं लब्ध्वा पश्चादनुभवति चानन्दलहरीम् ।
न हर्षः शोको वा भवति परमार्थेऽस्य विदुष-
स्तथाप्युल्लङ्घ्यैष प्रचलति न चाज्ञां नटयितुः ॥५६॥

यह नट कैसा, देखो। सीता विरह से शोकाकुल हो रो रहा है। रावणवधानन्तर श्री को प्राप्त होकर आनन्द में निमग्न हो रहा है।

परमार्थतः इस विद्वान को न शोक होता है और न हर्ष ही फिर भी नाटक के मार्गदर्शक की आज्ञा का उलंघन कर कभी नहीं चलता (वैसे भक्त को संसार के नियमों को तोड़े बिना अलिप्त रहना चाहिये ।)

अशेषं कर्त्तव्यं जगति विदधानोऽपि सततं
प्रकुर्वीथाश्चित्तं भगवति हि नित्यं विगतभीः ।
अगाधे पाथोधेश्चरति मकरी दुर्गमतले
सदातीरे चेतो धरति निजचेतोऽण्डवलिते ।।५७।।

सांसारिक समस्त कर्त्तव्यों को सतत करते हुए अपने चित्त को निर्भयतापूर्वक भगवान में ही नित्य लगाओ । दुर्गम अगाध सागर के तल प्रदेश में मगरनी विचरा करती है । किन्तु उसका चित्त तीर में ही लगा रहता है जहां उसने अंडे दिये हैं ।। ५७ ।। (च + इतः)

विशुद्धं प्रेमाणं कमपि निजमादर्शयति नि-
र्ब्रवीति स्वात्मानं विरहविकलां कामुकजनम् ।
न सा प्रेमालोला न च विरहशोकाकुलमना
धनानन्यप्रेमा भवति निभृतं वारवनिता ।।५८।।

कामी जन को अपना शुद्ध प्रेम दिखाती है । अपने को उसके विरह में व्याकुल बताती है । वस्तुतः वह न तो प्रेम व्यग्र है और न शोकाकुल ही है । वाराङ्गना का तो धन में प्रेम होता है (आत्मा का असल पति परमात्मा है) ।। ५८ ।।

इयं रुग्णागारे परिचरति रुग्णान् परिचरी
तरुण्येषा साध्वी व्यवहरति माध्वीकवचनैः ।
अमुह्यन्ती मोहं गमयतितरामातुरजने
मृते वा स्वस्थे वा न तपति न हृष्यत्यपि परम् ।।५९।।

इस परिचारिका को देखो। अस्पताल में रोगियों की सेवा करती है। तरुणी, सुन्दरी, साध्वी है। मधुर वाणी से व्यवहार करती है। स्वयं तो मोहित नहीं होती, किंतु रोगियों को सुव्यवहार से मोहित करती है। उनको लगेगा कि यह हमारी हो गयी है। पर, रोगी के मरने पर न वह रोती है और स्वस्थ होने पर न खुशी मनाती है ॥ ६० ॥

स्पृशन् पश्यन् जिघ्रन् स्वपरबहुकार्याणि विदधद्
हसञ्जल्पन् शृण्वन् दददपि च गृह्णन्नपि सदा ।
स्थिरं निर्व्यासङ्गं निजमखिलमङ्गल्यपदयो-
र्जगद्धेतोश्चेतो धर गरुडकेतोश्चरणयोः ॥६०॥

स्पर्श करो, देखो, सूंघो, अपने तथा पराये नाना कार्य करो, हंसो बोलो, दो, लो, पर अपना चित्त अनासक्त एवं स्थिर रख कर जगत के कारण गरुडवाहन भगवान के मंगलास्पद चरणों में लगाये रखो ॥ ६० ॥

अजस्रमर्थं सुखरूपमर्थय-
न्नपि प्रपद्यस्व रमापतेः पदौ ।
विहाय मातापितरौ दयापरौ
प्रपद्यतां कं शरणं शिशुः परम् ॥६१॥

धनरूप अर्थ या आध्यात्मिक सुखरूप अर्थ चाहते हो तो रमापति की ही शरण लो। माता-पिता दयालु होते हैं। भगवान् सहस्रमातापितृ-स्थानीय हैं। ऐसे दयालु माता-पिता को छोड़कर बालक किसकी शरण में जाये ॥ ६१ ॥ (अर्थार्थी)

अथार्त्तिमेवापनिनीषुणा सुखा-
ऽनभीप्सुना दुःखसमाह्वयामपि ।

प्रपद्यतामात्तसुदर्शनस्य तत्
सदा सदाराधितपादपङ्कजम् ।।६२।।

सुख की अभिलाषा तो नहीं है। फिर भी दुःख सहा नहीं जाता। उस दुःख को या संसारदुःख को मिटाने की इच्छा है तो भी सत्पुरुषों के आराध्य भगवच्चरणों की शरण लो। दुःखहरणार्थ ही तो वे सुदर्शन चक्र हाथ में लिये हुए हैं ॥ ६२ ॥ (आर्त्त)

यदापि वेदान्तनिवेदितार्थं
जिज्ञाससे ब्रह्म तदापि देवम् ।
हरिं प्रपद्यस्व चितिस्वरूपं
किमप्रतिष्ठैः खलु तर्कजालैः ।।६३।।

वेदान्त में प्रतिपादित ब्रह्मरूपी परमार्थ तत्त्व की जिज्ञासा यदि रखते हो तो भी हरि की शरण में जाओ। हरि ज्ञानस्वरूप है ज्ञानदाता है। वेदान्त श्रवणोत्तर प्रतिष्ठाहीन तर्क जालों में मत फंसो ।।६३।। (जिज्ञासु)

मुमुक्षया वाऽघजिहासया वा
संसेव्यतां सत्त्वरतेन देवः ।
यज्ञार्थमात्तः पचनार्थमाहो
शीतं हरत्येव हिरण्यरेताः ।।६४।।

मोक्षकी इच्छा से हो या पाप नाश की इच्छा से, सत्त्वगुणनिष्ठ होकर भगवान की सेवा करो। अग्नि को चाहे यज्ञार्थ लो चाहे पाकार्थ, वह शैत्य का वारण करेगी ही ॥ ६४ ॥ (सात्त्विक)

लोभादिना वा रजसा स्वकर्म-
मान्द्यादिना वा तमसा प्रयुक्तः ।

येनापि केनापि कथंचनापि
सेवस्व देवं निजमुद्दिधीर्षुः ॥६५॥

राजस लोभादि से या तामस कर्मालस्यादि से प्रेरित हो सर्वथा भगवत्सेवन जैसे तैसे भी करो, यदि अपना उद्धार चाहते हो ॥ ६५ ॥ (राजस, तामस)

अथासि विज्ञातपरात्मतत्त्व-
स्तथाप्यभेदेन भजस्व विष्णुम् ।
दृढापरोक्ष्यं स हि नित्ययुक्तः
संप्राप्नुयान्मङ्गलभूमरूपम् ॥६६॥

और यदि तत्त्वज्ञानी हो तो भी अभेद से व्यापक विष्णु का भजन करो। अभेद भक्ति वाला ही नित्य युक्त है। वह मङ्गल रूप भूमा का दृढ अपरोक्ष साक्षात्कार प्राप्त करता है ॥ ६६ ॥ (ज्ञानी, निर्गुण)

आसक्तं विषयेषु मानसमपाकुर्याः सपर्यापरं
चेतः साधय माधवाङ्घ्रिकमलद्वन्द्वस्य निर्द्वन्द्वतः ।
विश्वासं ननु बुद्बुदेषु सरितां तीरेषु मा मा कृथा
मा वा शृङ्गिषु पन्नगेषु नखिषु ज्वालावलीषूर्मिषु ॥६७॥

विषयों में आसक्त मन को वहां से हटाओ और निर्द्वन्द्व बना कर भगवान के चरण कमलों की पूजा में तत्पर बनाओ। तुम इन बुद्बुदों में, नदी तीरों में, सींगवालों में, सांपों में, नाखूनवालों में, अग्नि ज्वालाओं में और तरंगों में विश्वास मत करो। ये विषय बुद्बुद के समान क्षणभंगुर हैं। नदी तीर एक दिन टूट कर तटवृक्षों को सागर में जैसे पहुँचाते हैं वैसे संसार सागर में पहुँचाते हैं, शृंगियों के समान सींग मारने वाले हैं,

सर्पों के समान जहर फैलाने वाले हैं। ऐसे विषयों पर विश्वास करो तो धोखा खाओगे ॥ ६७ ॥

लक्ष्मीयं चपला न विश्वसिहि तामेषा मदोया प्रिये-
त्यद्य त्वां वृणुते वरीष्यति परं पुष्पाणि भृङ्गीव सा ।
तं लक्ष्मीधरमेव धारय सखे तस्मिन् धृते सा धृता
राजानं किल गृह्णते मधुकृतां गेहे मधुग्राहिणः ॥६८॥

यह लक्ष्मी अत्यन्त चञ्चल है। यह मेरी प्रिया है ऐसा उस पर विश्वास न रखो। आज तुम्हारे पास आयी है तो कल दूसरे के पास चली जायेगी। जैसे भ्रमरी एक पुष्प से दूसरे पुष्प पर चली जाती है। इसलिये हे मित्र ! तुम उस लक्ष्मीधर को धारण कर रखो। उसके धारण से लक्ष्मी का धारण स्वयं हो जायेगा। मधु निकालने वाले अपने घरों में मधु-मक्खियों के राजा (रानी) को ही पकड़ रखते हैं ॥ ६८ ॥

नालं धावसि बाल चञ्चलनिजच्छायां ग्रहीतुं श्रमाद्
नेयं यास्यति तावके करतले कामं दिनान्तं व्रज ।
लोकालोकविभासिना द्युमणिना येन स्वयंज्योतिषा
जातेयं तमभिद्रव स्वयमियं तातानुधाविष्यति ॥६९॥

हे बालक ! तुम अपनी इस चंचल छाया को पकड़ने के लिये अथक श्रम कर लगातार जो दौड़ रहे हो. भले सायंकाल तक दौड़ो, किंतु यह हाथ में आने वाली नहीं है। समस्त लोक में आलोक प्रसारित करने वाले स्वयं प्रकाश जिस सूर्य से यह छाया बनी है, बेटा ! उसी की ओर मुख करके दौड़ कर देखो। यह छाया पीछे-पीछे दौड़ती आयेगी। (परमात्मा और उसकी छायारूप लक्ष्मी आदि को लेकर यह अन्योक्ति है) ॥ ६९ ॥

मातङ्गश्च तुरङ्गमश्च रुचिरावुत्तुङ्गशैलोऽतुलः
सर्वं मामकमित्यसौ प्रतिकृतावज्ञानसंमोहितः ।
विस्मृत्यानुपमं सुधातिमधुरं स्तन्यं जनन्याः शिशुः
कायोद्वेगकरीं वतानुभवति क्षुध्यन्नुदन्यातुरीम् ॥७०॥

ये हाथी घोड़े बहुत सुन्दर हैं, यह ऊंचा पहाड़ तो बेजोड़ है। ये सब मेरे हैं, इस प्रकार खिलौनों में अज्ञान से मोहित हुआ बालक अमृत समान मधुर अनुपम माता के दूध को भूलकर भूखा प्यासा खेल रहा है। (जगत् खिलौना, परमेश्वरदर्शन मातृस्तन्य इत्यादि द्रष्टव्य है) ॥ ७० ॥

उद्यत्तुङ्गतरङ्गचञ्चलतरं विद्युल्लताभङ्गुरं
संत्यज्य क्षणिकं जगज्जनिमतां मातुः पितुश्चेशितुः ।
अग्रेऽधीरमुदग्रतो रुदिहि रे नैवारुदन्तं धरे-
दङ्के पाययते पयश्च जननी निश्चिन्तभावा शिशुम् ॥७१॥

उछलती ऊंची तरंगों के समान चंचल एवं बिजली के समान क्षणभंगुर जगत को छोड़कर समस्त प्राणियों के माता-पिता एवं रक्षक रूप परमेश्वर के आगे अधीर हो जोर से रोओ। जब तक बच्चा रोता नहीं, मां उसे उठाकर न गोद में रखती और न दूध पिलाती है। कारण, वह निश्चिन्त रहती है ॥ ७१ ॥

क्षुभ्यन्मारुतवेगविभ्रमभवत्कल्लोलमालाऽसकृत्-
कूलास्फालनभाविनो हि नयनव्यालोलताकारिणः ।
आमर्शक्षणभङ्गभङ्गिवपुषो निर्विप्रुषो बुद्बुदा
नोदन्यां शमयन्ति नार्द्रमपि वा क्षामङ्गलं तन्वते ॥७२॥

क्षुभित हवा के वेग से उत्पन्न तरंग समूह के तट के साथ बार-बार टकराने से उत्पन्न, अपने सौन्दर्य से दर्शकों के नेत्रों को चंचल करने वाले, किंतु छूते ही फूटने वाले, वस्तुतः बूंद पानी से भी रहित ये बुद्बुद न तो प्यास बुझा सकते हैं और न सूखा हुआ गला ही गीला कर सकते हैं। (सांसारिक विषयों को लेकर यहां अन्योक्ति है) ॥ ७२ ॥

—:०:—

शैलोद्दामशिलाभिघट्टघटनप्रत्युच्छलच्छीकर-
व्रातालिङ्गितमारुतं कतिपये गाङ्गं भजन्ते तटम् ।
ग्रीष्मेपूष्मनिदाघधामविगलद्भानुस्फुलिङ्गावली-
व्यालीढानिलमाभजन्त्यसुभगा धन्वानमन्ये जनाः ॥७३॥

पहाड़ को उद्भट शिलाओं पर टकराकर उछलते हुए गंगाजल के कणों से शीतल हुए पवन के कारण सुखदायी बने गंगातट का सेवन ग्रीष्म काल में कुछ लोग करते हैं। और अन्य भाग्यहीन मानव उसी ग्रीष्म काल में सूर्य से निकली उष्ण किरणों की चिनगारियों स भयावह बने पवन से युक्त मरुभूमि का सेवन करते हैं (भगवान् और संसार को लेकर अन्योक्ति है। उत्तर श्लोक में स्पष्ट है) ॥ ७३ ॥

यावद्यावदुपैति गाङ्गममलं कूलं परां शीततां
तावत्तावदुपैति तापशमनीं सांनिध्यमेवं हरेः ।
धन्वानं च यथा यथोपसरति ग्रीष्मोद्यदूष्माकुलं
तापक्लान्तिततिं तथैव हि तथा संसारघोरानलम् ॥७४॥

ज्यों-ज्यों गंगा के निर्मल तट के पास पहुँचते हैं। त्यों-त्यों तापहारिणी शीतलता प्राप्त होती है। इसी प्रकार भगवान के समीप जैसे जैसे पहुँचते हैं वैसे वैसे तापत्रयशमन कारी शान्ति प्राप्त होती है। इसके विपरीत ग्रीष्मकाल की उष्णता से भयानक मरु भूमि के पास ज्यों ज्यों पहुँचते हैं

त्यों त्यों गरमी की व्याकुलता बढ़ती जाती है। वैसे ही घोर संसार दावानल के पास जैसे जैसे पहुँचते हैं वैसे वैसे ताप त्रय संताप भी बढ़ता जाता है ॥ ७४ ॥

संगच्छध्वमनन्तसद्गुणनिधावानन्दबोधाम्बुधौ
त्वङ्गत्प्रेमसुधातरङ्गसुभगेऽसङ्गस्वरूपे विधौ।
माऽलङ्घथे विनिधध्वमध्वविकले तापत्रयीवाडव-
ज्वालाव्याकुलिते पदं प्रतिभये संसारवारांनिधौ ॥७५॥

अनन्त सद्गुणों के निधान, आनन्द और बोध के सागर, प्रेम सुधा की ऊंची तरंगों से सुमनोहर एवं असंग रूप भगवान में अपने को समर्पित कर दो। तापत्रयरूपी वडवाग्नि की ज्वालाओं से व्याकुलित भयंकर एवं अलंघनीय संसार समुद्र में अपना पांव मत रखो ॥ ७५ ॥

बुद्ध्या नैव तया प्रकाशनविधिः सद्वस्तुनः शक्यते
निर्मग्ना विषयेषु या चलदलव्यालोलभावाकुला।
शक्यो दीपशलकया पतितया मध्ये चिरादम्भसः
कर्त्तुं घर्षितया मुहुर्मुहुरहो वस्तुप्रदीपः किमु ॥७६॥

विषयों में मग्न तथा पीपल के पत्ते के समान चंचल बुद्धि से परमेश्वर का प्रकाशन नहीं किया जा सकता। बहुत देर से पानी में पड़ी दियासलाई से बार-बार रगड़ने पर भी प्रकाश किया जा सकता है क्या ? ॥ ७६ ॥

विश्वस्याखिलतारकं रघुपतेर्नामैव यत्केवलं
तीर्णो मारुतिरर्णवं प्रतिभयं लोलोर्मिमालाकुलम्।

संप्रत्ते च विभीषणेन कुमतिर्विश्वासमुत्सृज्य त-
न्नामन्यम्बुनिधौ ममज्ज सहसा मध्यंगतोऽप्यश्रपः ॥७७॥

समस्त जगत का तारनहार भगवन्नाम ही है ऐसा विश्वास कर हनुमान जी ने भयंकर महासागर को पार किया। किन्तु विभीषण की दी नामताबीज में राक्षस ने बीच समुद्र में आकर विश्वास खोया। परिणाम, वह वहीं डूब गया ॥ ७७ ॥

आशापाशवशीकृतोऽनयमहर्विश्वासयोगादहं
दारेष्वात्मजसोदरादिषु तथा मित्रेषु बन्धुष्वपि ।
सर्वे हन्त निजार्थसाधनरता निर्वास्य मां निर्गता
नाथ त्वच्चरणं प्रभोऽद्य शरणं शम्भो जगन्मङ्गलम् ॥७८॥

आशा पाशों में जकड़ा हुआ मैं दार, पुत्र, भाई, मित्र एवं बन्धु जनों में विश्वास कर दिन बिताता रहा। किंतु हाय! सभी अपना स्वार्थ बनाते रहे। अन्ततः मुझे छोड़ कर सब चले गये। हे नाथ! हे शंभो! अब तो मेरे लिये आपका मंगलमय चरण ही शरण है ॥ ७८ ॥

——:०:——

संसारवन्याध्वनि नाध्वनीना-
श्छत्रं जहीतेश्वरभक्तिरूपम् ।
तापादिदं रक्षति मोहवर्षाद्
दुर्नेयसत्त्वप्रविभीषिकेयम् ॥७९॥

संसार जंगल के पथिकों! ईश भक्ति रूप छाता मत छोड़ो। यह धूप से और वृष्टि से बचायेगा। वन्य प्राणियों के सामने फटाक से खोल दो वे देख कर डर के मारे भाग खड़े होंगे ॥ ७९ ॥

अभक्तिभावेन भवे निविष्टं
मनो विलीयेय पयोऽम्बुनीव ।
तरत्युपर्येव सभक्तिभावं
तदेव यद्वन्नवनीतभूतम् ॥८०॥

विना भक्ति भाव संसार में प्रविष्ट मन पानी में दूध के समान विलीन होगा और सभक्ति मन माखन के समान ऊपर तरता रहेगा ॥ ८० ॥

स्नेहं तनौ सार्षपमभ्यनक्तु
खेलत्वथो वारिनिधौ चिराय ।
खेलत्वमुष्मिन् भवसागरेऽपि
स्नेहं मतौ भागवतं विधाय ॥८१॥

सरसों का स्नेह (तेल) शरीर पर मलो, फिर भले समुद्र में देर तक खेलो। इस भवसागर में भी खेलो। किन्तु मन में भगवत्स्नेह लगा कर ॥ ८१ ॥

ध्रुवोऽधिराज्ये न्यवसत् पुरा चिरं
ध्रुवं पदं चापदनन्तमन्ततः ।
शुको मुनिस्तीव्रतपा महावने
वसन् यदेवाप परं पदं हरेः ॥८२॥

ध्रुव राज्य में अधीश्वर होकर रहे और अन्त में वही अनन्त ध्रुवपद पाया जिसे जंगल में महान तप कर शुकदेव जी ने पाया ॥ ८२ ॥

भक्त्या विशुद्धात्मवतां न दोषः
संसारमध्ये वसतामपि स्यात् ।
स्पर्शेन भावे गमिते हि हैमे
न यात्ययो मृद्गतमप्ययस्त्वम् ॥८३॥

भक्ति से शुद्ध चित्त वाला संसार में रहने पर भी दोषवान् नहीं होता। पारस से लोहा सोना बना तो मिट्टी में पड़ने पर भी वापिस लोहा नहीं होता ॥ ८३ ॥

नारायणाङ्घ्रिद्वयलब्धभक्ति-
श्चचार देवर्षिवरो जगत्याम् ।
द्विजिह्वभावं न निजस्वभावं
जहावभूत् सोऽपि च मङ्गलाय ॥८४॥

हरिचरण भक्ति पाकर देवर्षि नारद जगत में विचरते रहे। चुगली करने की अपना आदत नहीं छोड़ी। किन्तु वह भी लोकमंगलकारी ही सिद्ध हुई ॥ ८४ ॥

अस्ति हीरमणिरच्युतरूपः
स्वान्तरेव तव वेश्मनि लीनः ।
हस्तितं कुरु निखन्य तमेनं
नैव कर्म तव वत्स्यति किंचित् ॥८५॥

अच्युत रूपी हीरा अपने घर के अन्दर ही छिपा हुआ है। खोद कर उसे हथिया लो। तुम्हें फिर काम करने की जरूरत नहीं होगी ॥ ८५ ॥

तावदेव तत्र कर्म जगत्यां
जायते हरिपरा नहि भक्तिः ।
आगता नववधूः शुभशीला
श्वश्रुवो हरति कर्म हि सर्वम् ॥८६॥

तभी तक कर्त्तव्य कर्म रहता है जब तक हरिभक्ति उत्पन्न नहीं होती। सुशील वधू घर में आयी तो सासू के कर्म समाप्त होते हैं ॥८६॥

आलवालवरणादिविधानं
सेचनं वितृणनं प्रणिधानम् ।
बालपादपविधे विदधीथाः
पादपे समवधानसमेतः ॥८७॥

मेड़ बनाना, वाड लगाना, पानी सींचना, घास उखाड़ना, हमेशा ध्यान रखना यह सब तब तक करना है जब तक पौधा कुछ बढ़ता नहीं ॥ ८७ ॥

आसनानिलनिरोधनसम्यग्-
धारणादिसहितं प्रणिधानम् ।
मुच्यते भगवतो दृढभक्तौ
कर्मजालमखिलं च विधिस्थम् ॥८८॥

आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान ये सब भगवान में दृढ़ भक्ति होने पर छूट जाते हैं तथा विधि प्रोक्त सब कर्म भी छूट जाते हैं ॥ ८८ ॥

नाविको विधरते प्रकम्पनो-
द्वेल्लिते तरणिमूर्मिमालिनि ।

सुस्थिरे पयसि केनिपातकं
सन्दधत् स्वपिति निर्भयः सुखम् ॥८९॥

जब समुद्र में तूफान रहता है तब नाविक नाव को खूब सम्हालता है। पानी स्थिर होने पर पतवार डाल कर निर्भय हो लेट जाता है ॥८९॥

मानसे विषयवातकम्पिते
धारणादि कुरु कर्म शर्मदम्।
सुस्थिरे मनसि भक्तिमुत्तमां
कुर्वतः क्व नु हरावमङ्गलम् ॥९०॥

विषयों की आंधी से जब तक मन कंपित रहता है तब तक धारणा ध्यानादि मंगलकारी कर्म करो। मन स्थिर होने पर उत्तम हरि-भक्ति करने वाले को कहां अमंगल की सम्भावना है ॥ ९० ॥



एकाग्रं भवति यदा स्थिरं च चेतो
निष्कम्पं प्रविशति तर्हि तन्महेशे।
न द्व्यग्रं प्रविशति चञ्चलं सकम्पं
सूच्या निर्व्यथनमतिश्रमेऽपि सूत्रम् ॥९१॥

जब चित्त एकाग्र, स्थिर एवं निष्कम्प होता है तभी भगवान में प्रवेश करता है। दो अग्र (नोक) हो चंचल हो और हाथ भी कांपता हो तो अति श्रम करने पर भी धागा सूई के छेद में प्रवेश नहीं करेगा ॥ ९१ ॥

कामिन्यां जहिहि रतिं रतिं प्रपित्सु-
र्यद्युत्को भगवति निष्कयङ्कभावाम्।

न क्षीरं नवमपि तिन्तिडीरसेन
स्थातुं वै सह सहते कदाचिदेव ॥९२॥

यदि भगवान में निर्मल रति पाने के लिये उत्कण्ठित हो तो कामिनी कांचन रति छोड़ो। ताजा भी दूध इमली के रस के साथ नहीं रह सकता ॥ ९२ ॥

माधुर्यं रसयितुमेषि शर्करायाः
निर्व्याजं यदि हि पिपीलिके विलोले।
एतं तल्लवणकणं मुखे स्वकीये
निक्षिप्तं परिहर निर्विशङ्कमादौ ॥९३॥

अरी चंचल पिपीलिके! (चींटी) यदि शक्कर की मीठास सचमुच चखना चाहती है तो अपने मुंह में रखी हुई इस नमक की डली को पहले थूक दे॥ (अन्योक्ति)

व्याधूता अपि मकरन्दपानलुब्धा
नो माल्यं वनमधुमक्षिकास्त्यजन्ति।
आश्चर्यं मधु परिहाय पूतिगन्धी-
नीयन्ते बत गृहमक्षिका व्रणानि ॥९४॥

वन की मधुमक्खियां उड़ाने पर भी फूल नहीं छोड़ती। आश्चर्य है, ये घर की मक्खियां मधु छोड़ कर व्रणों के पीव में जा बैठती हैं। (वनस्थ और गृहस्थ के लिये अन्योक्ति) ॥ ९४ ॥

आपन्नोऽप्यरिनिकृतोऽपि सुप्रसन्नः
स्वात्मानं भज नृहरिं परं शरण्यम्।

मूढोऽयं विषयततिं शुनीमिव श्वा
ह्यन्वायन् मुहुरिव कश्मलं प्रयाति ॥९५॥

भले आपदायें घेर लें, शत्रु तिरस्कार करें फिर भी प्रसन्न होकर आत्मस्वरूप परमशरणदाता नरहरि भगवान को भजो। देखो यह मूढ-जन शुनी के पीछे श्वान के समान विषयों के पीछे पड़ कर दुर्दशा पा रहा है ॥ ९५ ॥

दृश्यं चेदभिलषसीक्षितुं मनोज्ञं
रङ्गस्थं परिहर तर्हि बाल निद्राम्।
पाणिभ्यां पृथुफलमङ्ग लब्धुमीष्टे
मुष्टिं किं दृढमविहाय कन्दुकीयम् ॥९६॥

हे बालक ! रंग-मंच का मनोज्ञ दृश्य देखना चाहते हो तो निद्रा छोडो (मोहनिद्रा छोड़ने पर ही भगवद्दर्शन होगा) बच्चा ! हाथ में गेंद मजबूती से पकड़ रखोगे तो तरबूज जैसा बड़ा फल हाथ में कैसे ले सकोगे ॥९६॥

तावदेव कलशः कलशब्दा-
नादधात निभृतो न हि यावत्।
प्रेमपूर्णहृदयस्य च शान्तिः
कर्मकाण्डकथया रहितस्य ॥९७॥

घड़ा तभी तक आवाज करता है जब तक पूरा भरा नहीं होता। प्रेम से जिसका हृदय भर जाता है वह कर्म-काण्ड की कथा से रहित होकर शान्त रहता है ॥ ९७ ॥

अस्तिता न पृथगस्ति महेशात्
कर्त्तृता क्व पुनरस्तु मदीया ।
इत्यजस्रभवभावयुतानां
कर्म संभवितुमर्हति कस्मात् ॥९८॥

परमेश्वर से पृथक् मेरा अस्तित्व ही नहीं तो कर्तृत्व कहां से आया ? स प्रकार भगवद्भाव से जो युक्त हैं उनका कर्म कैसे सम्भव है ॥ ९८ ॥

दर्शनीयमखिलं किल दृष्टं
प्रापणीयमखिलं समवाप्तम् ।
प्रेम चेतसि हि यस्य निविष्टं
कर्म तस्य भुवि किं न्ववशिष्टम् ॥९९॥

जिसके हृदय में प्रेम प्रविष्ट हुआ उसने दर्शनीय सब कुछ देख लिया, प्राप्तव्य सब कुछ पा लिया। उसके लिये संसार में कौन सा कर्म अवशिष्ट रह जायेगा ॥ ९९ ॥

यत्र नो भवति साधनभानं
साध्यभानमुत साधकभानम् ।
तादृशे समुदिते परमेश-
प्रेम्णि संभवतु कर्म कथं वा ॥१००॥

साधन, साध्य एवं साधक में भेद भान जिसमें समाप्त होता है। उस भगवत्प्रेम का उदय होने पर कर्म होगा भी कैसे ? ॥ १०० ॥

प्रेमभागपि तदास्पदमेवं
प्रेमरूपमखिलं च यदाभूत् ।
द्वैतभावरहितस्य किमस्य
कर्म संभवितुमर्हति तर्हि ॥१०१॥

प्रेमी, प्रेमास्पद एवं सर्व जगत् जब प्रेम रूप ही हो जाते हैं उस समय द्वैत भाव न होने से कर्म कैसे सम्भव हो ॥ १०१ ॥

भक्तिरीशपदवीमुपयाता
पूजनादिपरिहारनिदानम् ।
कौसुमान्यपि फलानि मृदूनि
प्रोद्गतानि कुसुमङ्गलयन्ति ॥१०२॥

परमेश्वर विषयक भक्ति तो यहां तक है कि पूजा पाठादि कर्मों को भी समाप्त कर देती है। फूलों से उत्पन्न हुए भी फल अन्ततः फूलों को गला ही देते हैं ॥ १०२ ॥



कर्माशर्मकरं श्रुताश्रुतवधैर्नानाविधैर्दूषितं
दुर्निवारविकारकारणतया योगोऽपि रोगोपमः ।
ज्ञानं शाणनिशानदुर्गममहानिस्त्रिंशधारायनं
प्रेमा केवलमेक एव भगवत्स्थेमाऽखिलक्षेमदः ॥१०३॥

कर्म मंगलकारी नहीं है। क्योंकि उसमें श्रुत एवं अश्रुत अनेक विध हिंसा होने से उससे वह दूषित है। योग भी अनिवार्य विकार हेतु होने से रोग समान ही है। ज्ञान तो शान पर तीखे किये दुर्गम तलवार का ही

मार्ग ठहरा। केवल भगवद्विषयक एक प्रेम ही ऐसा है जो सबका क्षेम करने वाला है ॥ १०३ ॥

यस्मिन् व्यक्तिमुपेयुषि स्वयमिवाभिद्यन्त पाशाः पितुः
कारागारकपाटपालकभटै रोद्धुं न शेके च यः।
प्रेमाख्येन निबध्य तं किल बलादानर्त्तयांचक्रिरे
दुर्भेदेन वटाकरेण नटवद् गोपाङ्गनाः स्वाङ्गने ॥१०४॥

जिस भगवान के प्रगट होते ही पिता वसुदेव की भी हथकड़ी-बेड़ी टूट गयी, कारागार के रक्षक जिसको रोक न सके, उसी भगवान् को प्रेमरूपी रस्सी से बांध कर गोपियों ने अपने आंगन में नचाया ॥ १०४ ॥

यं स्वैर्बन्धयितुं मदान्धहृदयो दुर्योधनो योधनै-
रुद्दामैरपि दामभिर्द्दढबलैर्नैवाशकत् पाशिकैः।
दाम्ना तं लघुना बबन्ध लघुना कोपेन गोपाङ्गना
धावन्तं कदुलूखले ननु बलं प्रेमाख्यदाम्नो बलम् ॥१०५॥

मदान्ध दुर्योधन अपने बलवान् पाशधारी योद्धाओं से भारी रस्सियों से भी जिसको बांध न सका उस भगवान को भागते समय पकड़ कर हलकी सी रस्सी से यशोदा माता ने कुछ कोप से एक छोटे ऊखल के साथ बांध दिया था। कहना होगा कि प्रेम रूपी पाश का बल ही सचमुच बल है ॥ १०५ ॥

संतप्तायां विरहगुरुणा व्याकुलीभावलक्ष्म-
ग्रीष्माऽसूक्ष्मप्रतिभयनिदाघोष्मणा चित्तभूमौ।
सिञ्चन् दृष्ट्या परमकरुणापूरपीयूषवृष्ट्या
धत्ते शान्तिं जलदवदसौ श्यामलाङ्गो मुरारी ॥१०६॥

व्याकुलता रूपी ग्रीष्मकालीन भयानक भारी उष्णता से चित्त भूमि जब संतप्त होती है तब श्यामलांग मुरारी श्याम मेघ के समान परम करुणा रूपी सुधा की वृष्टि से सींच कर उसमें शान्ति स्थापित करते हैं ॥ १०६ ॥

स्वर्गो मार्गति निःसुखः सुखमसौ वैकुण्ठमुत्कण्ठया
कैलासं स विलासमांसलमसौ गोलोकमालोकते ।
निःसृत्यैष गवेषयत्यनुकण ब्रह्माण्डभाण्डोदरे
धूत्कृत्यैव किलाखिलं हि विरही प्रेयांसमाशंसति ॥१०७॥

स्वर्गादि सभी पुराने होने पर फीके हो जाते हैं तब स्वर्ग (स्वर्गवासी) सुखहीन होकर वैकुण्ठ में उत्कण्ठापूर्वक सुख खोजते हैं। बैकुण्ठ (बैकुण्ठ वासी) भी निःसुख होकर आनन्दविलास युक्त कैलास की ओर देखने लगते हैं। कैलासवासी गोलोक की ओर ताकने लगते हैं। गोलोक वासी द्वापरान्त में ब्रह्माण्ड के कोने-कोने छान कर अन्ततः व्रज में पहुँच जाते हैं। किन्तु विरही भक्त समस्त लोक लोकान्तर को किनारे हटाकर केवल प्रीतम की आशामात्र में स्थित रहता है ॥ १०७ ॥

यज्ञादीनि धनाधिपैर्दृढबलैश्चान्द्रायणादीनि सं-
प्रज्ञातादिसमाधयश्च नियतप्राणैः प्रणेयेन्द्रियैः ।
स्वाध्यायः शितबुद्धिभिः परतरं ज्ञानं शमाद्यन्वितैः
संसाध्या भुवि मङ्गलास्पदपदा भक्तिः समस्तैरपि ॥१०८॥

यज्ञयागादि धनाढ्य कर सकते हैं। मजबूत शरीर वाले चान्द्रायणादि व्रत रख सकते हैं। प्राणायाम-प्रत्याहारादि में निपुण योगी संप्रज्ञातादि समाधि लगा सकते हैं। तीक्ष्ण बुद्धि वाले अध्ययन कर वेदपारंगत हो सकते हैं। शमदमादि साधनों से सम्पन्न मानव परम ज्ञान प्राप्त कर सकते

हैं। सर्वमंगलास्पद एक भक्ति ही भूतल में ऐसी है जिसे सभी प्राप्त कर सकते हैं ॥ १०८ ॥

नानाशास्त्रवितानकाननमहासिंहायमानः पुरा
व्याधुन्वन् विचचार यो बुधवरस्तम्बेरमान् भूरिशः ।
सर्वेशं प्रति संप्रति प्रतिपदं स्तव्यैः स्तुवन् स स्तवै-
स्तत्पादाम्बुजचञ्चरीकचरितं यातो यतिर्मङ्गलः ॥१॥

नाना शास्त्र विस्तार रूपी कानन में बड़े-बड़े विद्वद् हस्तियों को कुचलते हुए महासिंह के समान जो पहले विचरण करता रहा वह मङ्गल यति अब प्रतिपद उत्तम स्तुतियों से गुणगान करते हुए सर्वेश्वर भगवान् के प्रति भ्रमर भाव को प्राप्त हो गया जो भगवत् चरण कमलों में हो लगा हुआ है ॥ १ ॥

स दिव्यरसनिम्नगां हरिपदावलम्बोद्भवां
निधाय सविधीव मानसकमण्डलौ धातृवत् ।
सभक्ति चरणाब्जयोरविरतं हि तस्यैव तां
समर्प्य विरतस्त्विदं भवतु दिव्यपाद्यं हरेः ॥२॥

हरिचरण का ही अवलम्बन करने वाली और वहीं से उद्भूत आकाश गंगा को प्रथम ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल में विधिवत् धारण कर उसी से सभक्ति हरि चरणों में दिव्य पाद्य समर्पण किया था। वैसे मंगलयति मैं

श्री हरिचरणों के अवलम्बन से प्रकट हुई इस दिव्यरसतरङ्गिणी (गंगा) को विधिवत् हृदय कमण्डल में धारण कर उसी को उसी भगवान के चरणों में सभक्ति समर्पण कर उपरत होता हूं। यही भगवान् का परम दिव्य पाद्य हो।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य जयमङ्गलाचार्यमहा
मण्डलेश्वरश्रीकाशिकानन्दयतेः कृतौ दिव्यरसतरङ्गिण्यां
तृतीयाऽऽनन्दलहरी समाप्ता
समाप्ता चेयं दिव्यरसतरङ्गिणी

——:०:——

ग्रन्थकार के मुख्य प्रकाशन

जागदीशी सामान्यलक्षणा तत्वप्रदीपः	२५.००
वैराग्यमन्दाकिनी सानुवादा	दुष्प्राप्य
गोपीगीतं हिन्दी अर्थद्वयव्याख्या	,,
दश शान्तयः सानुवादाः	,,
दक्षिणामूर्त्तिस्तोत्रं सवार्त्तिकं सानुवादं	,,
वेदान्तसिद्धान्तकुसुमाञ्जलि : सौरभव्याख्या	१२.००
शंकरदिग्विजय सानुवाद अजिल्द २०.०० सजिल्द	३०.००
नारदीयभक्तिसूत्रं सवार्त्तिकं सानुवादं	
प्रथमो भागः	१०.००
द्वितीयो भागः	१०.००
तृतीयो भागः	१०.००
भीष्म स्तुति प्रवचन (गुजराती)	दुष्प्राप्य
भागवतसारस्तोत्रं सानुवाद	१२.००
महिम्नः स्तोत्रं हरिहरपक्षीय हिन्दीव्याख्या, टिप्पणी	५.००
शिवमहिम्न स्तोत्रं स्पन्दवार्त्तिकं सानुवादं	३०.००
गीताप्रवचन सांख्यसंदर्भ पूर्वार्धं	३५.००
,, ,, (स्थितप्रज्ञदर्शनं) उत्तरार्धं	२५.००
,, ध्यानयोगसन्दर्भ पूर्वार्धं	३०.००
,, ,, उत्तरार्धं	२०.००
वेदान्तसिद्धान्तपीयूषबिन्दुः सानुवाद	१०.००
ईशावास्योपनिषत् शांकरभाष्यं सवार्त्तिकं सानुवादं अजिल्द ३०.००सजिल्द	४०.००
वेदान्तसारः वेदान्तमन्दारमाला च सानुवादौ	१२.००
सुभगोदयस्तोत्रम् अमृतझरिका व्याख्या, अन्तयार्थबोधिनी अजिल्द	३०.००
सजिल्द	४०.००
दिव्यरसतरङ्गिणी टिप्पणी कादम्बिनी	१२.००